दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



हैदराबाद में बना काशी का भव्य संसार

सद्गुरु के सामने नतमस्तक हुईं तमन्ना...

वर्ष : 12 | अंक : 326 | लखनऊ, 25 नवम्बर, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

रेड्डी हैदराबाद में 'नशामुक्त भारत' पदयात्रा निकालेंगे



हैदराबाद। केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी केंद्र सरकार के 'नशामुक्त भारत' अभियान के समर्थन में लोगों को जागरूक करने यहां 25, 26 और 27 नवंबर को पदयात्रा निकालेंगे। सिकंदराबाद से लोकसभा सदस्य रेड्डी ने बताया कि पदयात्रा 25 को अंबरपेट से शुरू होगी और 27 को जुबली हिल्स में समाप्त होगी।

प्रकाश पर्व पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली। सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर मंगलवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति समेत कई केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। देव की शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि सत्य, सेवा, समानता, करुणा और मानवता के कल्याण का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है।

मंडी में मंत्री का पुतला फूंका पुलिस से की धक्का-मुक्की



मंडी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से विधानसभा में भारतीय सेना को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा जिला मंडी ने प्रदर्शन किया। लोगों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देने के बाद शहर में रैली निकाली और मंत्री का पुतला जलाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पूर्व एमपी बनवारी समेत 3 को 3-3 साल की सजा



लखनऊ। व्यापार कर भवन में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी करने के 28 साल पुराने मामले में पूर्व राज्यसभा सदस्य व व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल समेत 3 को 3-3 साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने फैसला सुनाया।

अकाली दल की एनडीए में वापसी (गठबंधन) पर प्रधानमंत्री मोदी बोले

पंजाब के लोगों का कल्याण करना प्राथमिकता, जनता की पसंद बनेगा

प्रकाश पर्व पर पुराने साथी के आने पर जताई खुशी



डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गठबंधन की प्राथमिकता पंजाब और पंजाब के लोगों का कल्याण है। खास बात यह है कि अकाली दल की वापसी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर हुई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी खुशी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सबसे पहले! मुझे बेहद खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल एनडीए परिवार में लौट आया है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा और अकाली दल का गठबंधन स्वाभाविक है। यह पंजाब में जनहितकारी शासन सुनिश्चित करने और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम करेगा। उन्होंने इस गठबंधन के पुराने इतिहास का भी जिक्र किया।

राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करेंगे

पंजाब को जन-हितैषी शासन मिलेगा

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि पंजाब और पंजाबियों के कल्याण को सबसे ऊपर रखना मुझे बहुत खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल को एनडीए परिवार में वापसी हो रही है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर। हमारा गठबंधन एक स्वाभाविक गठबंधन है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि पंजाब को जन-हितैषी शासन मिले, जो राज्य को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाए।

वाजपेयी-आडवाणी को किया याद

पीएम मोदी के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल ने इस साझेदारी को मजबूत बनाया और सींचा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों दलों की यह साझेदारी पंजाब के लोगों की पसंद बनेगी।

केजरीवाल ने कहा — ये केवल सत्ता के लिए के लिए गठबंधन कर रहे



पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और अकाली दल का गठबंधन आखिरकार को हो गया है। पिछले 1-2 महीने से इस गठबंधन के होने की चर्चा पंजाब की सियासत में सबसे ज्यादा हो रही थी। 6 साल के बाद अकाली दल और बीजेपी एकसाथ आए हैं। दोनों दल 2027 का चुनाव मिलकर साथ लड़ेंगे। बीजेपी-अकाली दल गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि यह लोग सत्ता के लिए एकसाथ आ जाते हैं और फिर अलग हो जाते हैं। केजरीवाल मंगलवार को गुरु पर्व के मौके पर गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब पहुंचे जहां उन्होंने मत्था टेककर प्रार्थना की और सभी देशवासियों को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसी दौरान मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ये लोग सत्ता के लिए साथ आ जाते हैं और फिर अलग हो जाते हैं और फिर एक साथ आ जाते हैं।

पंजाब को नशे-ड्रग्स के जाल में झोंकने के लिए साथ आए: संजय



आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दोनों दलों का गठबंधन 'जीरो' है। अजीब बात है कि जिस अकाली दल और भाजपा ने पंजाब के घर-घर में नशा पहुंचाने का अपराध किया। 10 सालों तक पंजाब को बर्बाद करने का अपराध किया। नशे-ड्रग्स के जाल में झोंकने गठबंधन कर रहे हैं।

ऐसा क्या बदला भाजपा-अकाली साथ आए: तिवारी



गठबंधन की मंगलवार को हुई घोषणा को लेकर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान भाजपा और अकाली दल से पूछेंगे और उन्हें बताना होगा कि ऐसा क्या बदल गया है कि दोनों पार्टियों ने फिर से हाथ मिला लिया है।

गठबंधन पर बोले भाजपाध्यक्ष नवीन

'स्वाभाविक गठबंधन' बताया, राज्य को नशामुक्त विकासोन्मुखी बनाएंगे



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नेनई दिल्ली में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन को 'स्वाभाविक गठबंधन' बताया। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर दोनों दल बाद में चर्चा करेंगे, लेकिन साथ आने से पंजाब की सेवा करने का स्पष्ट संदेश गया है। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पार्टी सदस्यों और उनके सहयोगियों का एनडीए परिवार में स्वागत किया और कहा कि इससे गठबंधन की ताकत बढ़ेगी। एनडीए के तहत दोनों दल मिलकर पंजाब को नशामुक्त बनाने, युवाओं को राज्य में ही रोजगार दिलाने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विकासोन्मुखी सरकार बनाने के लिए काम करेंगे।

यूथ कांग्रेस ने जुकरबर्ग को भी संघ से जोड़ा

मेटा भाजपा का बेटा, उसके समर्थक कंटेंट पर चुप्पी साधी





अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

कर्नाटक के यूथ कांग्रेस ने मंगलवार को मेटा कंपनी के खिलाफ एक पोस्टर अभियान चलाया। यूथ कांग्रेस ने मेटा पर आरोप लगाया कि वे नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को चुन-चुन कर हटा रहे। आगे कहा कि मेटा ने भाजपा समर्थक कंटेंट पर चुप्पी साध रखी है, उसे रहने दे रही है, जबकि विपक्ष के कंटेंट को हटा रही या रोक लगा रही। यूथ कांग्रेस ने केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रोड पर टोल प्लाजा के पास सदाहल्ली गेट पर एक बड़ा बैनर लगाया, जिसमें उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को आरएसएस के यूनिफॉर्म में दिखाया। यूथ कांग्रेस ने इसके अलावा शहर में चिक्काजाला और अन्य जगहों पर भी पोस्टर लगाए।

■ सदाहल्ली गेट पर लगाया बड़ा बैनर, जुकरबर्ग को आरएसएस के यूनिफॉर्म में दिखाया

लिखा- 'मार्क भाजपा बर्ग'

सदाहल्ली गेट पर लगे फ्लेक्स में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के नाम को भी आरएसएस से जोड़ा। पोस्टर में यूथ कांग्रेस ने अरबपति कारोबारी को 'मार्क भाजपा बर्ग' बताया। साथ ही लिखा, 'मेटा भाजपा का बेटा'।

54 लाख पोस्ट या अकाउंट्स पर रोक लगी

यह विरोध प्रदर्शन उन रिपोर्टों के बाद हुआ, जिनमें बताया गया कि मेटा ने 2026 की पहली छमाही में 54 लाख से ज्यादा पोस्ट या अकाउंट्स पर रोक लगाए गए, जबकि 2026 में कुल 70,000 पोस्ट ही हटाए गए थे।

गौड़ा ने की कंपनी की निंदा

विरोध करने वाले कर्नाटक प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एचएस मंजूनाथ गौड़ा ने कहा कि पार्टी मेटा के कदमों की निंदा करती है। गौड़ा ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में या भाजपा के खिलाफ की गई पोस्ट को तुरंत दिया जा रहा है। दिग्गज टेक कंपनी मेटा के कामकाज पर सवाल उठाए। इनमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने में विफलता, फर्जी खबरों को फैलाने देना, राजनीतिक दबाव के आगे झुकना और यूजर के निजी जानकारी की गोपनीयता को लेकर चिंताएं शामिल हैं। मंजूनाथ ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को लोकतांत्रिक सिद्धांतों के हिसाब, बिना किसी राजनीतिक दल का पक्ष लिए, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करना चाहिए।

दास को ब्रिटेन जाने से रोका तो भड़के दीपके

माल्या, नीरव और चोकसी जैसी धोखाधड़ी नहीं की, फ्रॉड करो...

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,



कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सेजेपी आंदोलन की सफलता के बाद बढ़ती लोकप्रियता के कारण पार्टी के सह-संयोजक सौरव दास को जानबूझकर ब्रिटेन जाने से रोक दिया।

दीपके की प्रतिक्रिया दास के इस आरोप के एक दिन बाद आई है कि उन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ब्रिटेन की यात्रा करने से रोक दिया गया, जहां उन्हें कॉकरोच आंदोलन पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा, वे कॉजपा के गठन से पहले, उसी पासपोर्ट पर दो बार विदेश गया था। उस समय, सरकार को कोई विसंगति पासपोर्ट में नहीं मिली। सरकार पर निशाना साधते हुए, दीपके ने कहा कि दास को इसलिए रोका गया, क्योंकि उन्होंने विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी जैसी धोखाधड़ी नहीं की थी। फ्राड करो और विदेश जाओ।

आंध्र प्रदेश में भोगापुरम में हादसा

टोल गेट के पास खड़ी लॉरी से कार टकराई, 5 की मौत



अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में मंगलवार को टोल गेट के पास खड़ी एक लॉरी से कार के टकरा जाने से 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई जब एक एसयूवी कार सड़क के किनारे खड़ी लॉरी से टकरा गई। विजयनगरम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एआर दामोदर ने कहा कि आज सुबह भोगापुरम टोल गेट के पास एसयूवी के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 5 लोगों की मौत हो गई। कार में सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांचवां व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि संभवतः थकान के कारण कार चालक को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी।

देव दीपावली जगमगाया आसमान



प्रयागराज। मंगलवार को प्रयागराज में देव दीपावली उत्सव के दौरान लोगों ने मिट्टी के दीये जलाए और आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा।

एम्स और एचआरआईडे का जागरूकता कार्यक्रम

एम्स दिल्ली ने बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज पर दी सलाह

लोग लक्षणों की अनदेखी न करें गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होगा

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,



एम्स दिल्ली और एचआरआईडे ने बच्चों में इस बीमारी को समय पर पहचान, इलाज और बेहतर प्रबंधन के लिए परिवार, स्कूल और समाज की भागीदारी पर जोर दिया है। बच्चों में बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, लगातार थकान और बिना वजह वजन कम होना टाइप-1 डायबिटीज के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। इन संकेतों को नजरअंदाज करना गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चे की जल्द जांच कराना जरूरी है। एम्स दिल्ली और एचआरआईडे के कार्यक्रम में डॉक्टरों, स्वास्थ्य मंत्रालय, शिक्षकों, अभिभावकों और टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बीमारी की शुरुआती पहचान, इलाज और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज की भूमिका पर चर्चा की।

इन लक्षणों पर दें ध्यान

- **बार-बार पेशाब आना:** बच्चे को सामान्य से अधिक बार पेशाब आने लगे।
- **अत्यधिक प्यास लगना:** बच्चे को बार-बार प्यास लगे और वह ज्यादा पानी पीने लगे।
- **थकान:** बच्चा लगातार थका हुआ महसूस करे या उसकी ऊर्जा में कमी दिखाई दे।
- **वजन कम होना:** बिना किसी स्पष्ट कारण के बच्चे का वजन तेजी से घटने लगे।

मदुरई जिले के तहत तिरुप्परनकुंद्रम में दीप प्रज्वलन पर रार

'सुको' ने कार्तिगई दीपम प्रज्वलित करने की अनुमति दी

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,



सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तमिलनाडु के मदुरई जिले के तहत तिरुप्परनकुंद्रम यानी पहाड़ी पर स्थित मुरुगन मंदिर के पास दीपथून (पत्थर के स्तंभ) पर कार्तिक पूर्णिमा मौके पर एक बार कार्तिगई दीपम प्रज्वलित करने का अंतरिम आदेश दिया है। कोर्ट ने इसके लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया है।

दीपथून (पत्थर के स्तंभ) पर दीप जलाने का मामला गहराया

एक दीप जलाने पर इतना बवाल क्यों?



धार्मिक अधिकारों में बाधा न डालें प्रतिबंधों पर पुनर्विचार के निर्देश

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह तिरुप्परनकुंद्रम में 'कार्तिगई दीपम' विवाद के संबंध में मदुरै के लिए जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेशों पर पुनर्विचार करे। नये पाबंदियां भक्तों के अपने धर्म का पालन करने और उसे मानने के अधिकार में बाधा डाल सकती हैं।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरई बेंच पहुंचे लोग

जब तक कलेक्टर नहीं होंगे पेश, तब तक नहीं करेंगे सुनवाई

कुछ संगठन तिरुप्परनकुंद्रम में निषेधाज्ञा आदेशों को चुनौती देने के लिए मद्रास हाई कोर्ट की मदुरई बेंच पहुंच गए। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस एमडी सुमति की बेंच ने सुनवाई की तब जस्टिस स्वामीनाथन ने पूछा, मदुरै कलेक्टर कहां हैं? हमने उन्हें कोर्ट में बुलाया था। इस पर कलेक्टर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि मदुरै कलेक्टर को अभी आने में कुछ दिक्कत है।

उनका दफ्तर तो सिर्फ 3 किलोमीटर ही दूर

जस्टिस स्वामीनाथन ने कहा, अगर आपको लगता है कि यह उचित नहीं है, तो आप बेंच के सामने अपनी बात न रखें। लेकिन हम इस मामले की सुनवाई करेंगे और जब तक मदुरै कलेक्टर पेश नहीं होते, तब तक हम किसी की बात नहीं सुनेंगे। कोर्ट वकील की भी बात नहीं सुनेगा। आखिर कलेक्टर को पेश होने में क्या दिक्कत है? उनका दफ्तर तो यहां से सिर्फ 3 किलोमीटर ही दूर है।

नगर निगम की सुस्ती से विकास कार्यों पर संकट, आचार संहिता में फंस सकता है बजट

- 110 वार्डों में पार्षद कोटे के 170 करोड़ रुपये खर्च होने का इंतजार
- तीन महीने से 30 करोड़ के विकास बजट पर भी नहीं हो पाया फैसला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच नगर निगम की धीमी कार्यप्रणाली शहर के विकास कार्यों पर भारी पड़ सकती है। करीब 200 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का बजट अब तक खर्च नहीं हो सका है। जनवरी में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने की संभावना के चलते इन कार्यों पर संकट मंडराने लगा है। यदि अगले एक महीने में टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर काम शुरू नहीं कराया गया तो बड़ी धनराशि अटक सकती है।

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी करीब चार महीने का समय है, लेकिन फरवरी में विधानसभा चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए जनवरी में आचार संहिता लग सकती है। ऐसे में विकास कार्यों को शुरू कराने के लिए नगर निगम के पास सीमित समय बचा है। हैरानी की बात यह है कि कई कार्यों के लिए अब तक टेंडर तक जारी नहीं किए गए हैं। नगर निगम में 110 वार्ड हैं।

प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराने के लिए अप्रैल में पार्षदों को 2.10 करोड़ रुपये का कोटा स्वीकृत किया गया था। इस हिसाब से करीब 230 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित हुआ। इसमें से पार्षद अब तक लगभग 60 करोड़ रुपये ही खर्च कर पाए हैं, जबकि करीब 170 करोड़ रुपये की धनराशि अभी शेष है। समय रहते इन कार्यों की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो चुनाव आचार संहिता के कारण बजट का इस्तेमाल प्रभावित हो सकता है। नगर निगम के खाते में विकास कार्यों के लिए करीब 30 करोड़ रुपये पिछले तीन महीने से पड़े हैं। यह धनराशि अवस्थापना निधि, वायु गुणवत्ता सुधार और 15वें वित्त आयोग के मद से मिली है। इसके बावजूद नगर निगम अब तक यह तय नहीं कर पाया है कि इस बजट से किन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। शहर में 200 से अधिक छोटी-बड़ी सड़कें खराब हैं और उन्हें मरम्मत व निर्माण की जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, बजट के उपयोग को लेकर दो बार बैठक हो चुकी है, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो पाए हैं। कार्यों के चयन के लिए अधिकारियों की समिति गठित की गई है, हालांकि अंतिम निर्णय महापौर को लेना है। नगर निगम के जानकारों के मुताबिक, पार्षदों की कोशिश रहती है कि उनके वार्ड में होने वाले विकास कार्य अवस्थापना निधि, 15वें वित्त आयोग, विधायक या सांसद निधि, महापौर कोटे अथवा नगर निगम की सामान्य निधि से कराए जाएं।

अवनीश अवस्थी बने गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के संरक्षक

लखनऊ। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की प्रबंध एवं कोर समिति की बैठक मंगलवार को विवेक खंड स्थित महासमिति कार्यालय में अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महासमिति के विकास कार्यों, आगामी चुनाव और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को महासमिति का संरक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला ने महासमिति की ओर से अब तक किए गए कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में गोमती नदी की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी और महासमिति स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगी। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों का दायित्व सौंपा गया।

अजय वर्मा को विपुल खंड, राजेश कुमार तिवारी को विश्वास खंड, डॉ. अमित टंडन को खरगापुर, आलोक मिश्रा को विभव खंड, रामनाथ शुक्ला को विराज खंड और विवेक शुक्ला को वास्तु खंड की जिम्मेदारी दी गई। इन पदाधिकारियों को मूर्ति विसर्जन, कपड़ा बैंक, बर्तन बैंक और महासमिति के अन्य अभियानों को 30 नवंबर 2026 तक संपन्न कराने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बैठक में महासमिति का नाम बदलकर 'गोमती जनकल्याण महासमिति ' करने पर सहमति बनी। कवियों और साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साहित्य भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, कार्यकारी महासचिव कर्नल एएन पांडेय, सचिव संजय निगम, सचिव सीजी नायर, संगठन मंत्री एके गुप्ता, अभिनव शुक्ला, कोषाध्यक्ष पीआर पांडेय और सांस्कृतिक सचिव राकेश मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अभेद्य साइबर कवच से सुरक्षित होगा यूपी

- आज बनेगा मास्टर प्लान
- जुटेंगे शासन, पुलिस, तकनीक और उद्योग जगत के दिग्गज, साइबर सुरक्षा मजबूत करने पर होगा मंथन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए बुधवार को लखनऊ में शासन, पुलिस, तकनीक और उद्योग जगत के दिग्गज एक मंच पर जुटेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप आयोजित विशेष कार्यशाला में प्रदेश के सरकारी डेटा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण सूचना प्रणालियों को साइबर हमलों से सुरक्षित रखने की रणनीति पर मंथन होगा। विशेषज्ञ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम तकनीक और बदलते डिजिटल परिदृश्य से उत्पन्न खतरों से निपटने के उपायों के साथ विभागों के बीच समन्वय और तकनीकी क्षमता बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) की ओर से 25 नवंबर को आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया और वैश्विक तकनीकी कंपनी सिस्को की संयुक्त भागीदारी रहेगी। गोमती नगर विस्तार स्थित यूपी-112 मुख्यालय के प्रज्ञा कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक प्रस्तावित इस आयोजन में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के दिग्गज और शिक्षाविद शामिल होंगे।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की साइबर सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत, सक्रिय और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप बनाना है। इसमें सरकारी विभागों और महत्वपूर्ण डिजिटल प्रणालियों की मौजूदा सुरक्षा तैयारियों के आकलन पर चर्चा होगी। साइबर घटनाओं की समयबद्ध पहचान, प्रतिक्रिया और नुकसान को न्यूनतम करने के लिए तंत्र मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि कार्यशाला में पांच प्रमुख उद्देश्यों को केंद्र में रखकर रणनीतिक चर्चा होगी। पहले उद्देश्य के तहत एआई, क्वांटम और अन्य उभरती तकनीकों से पैदा होने वाले साइबर खतरों के प्रति शासन-प्रशासन में जागरूकता और रणनीतिक समझ विकसित की जाएगी। दूसरे उद्देश्य में सरकारी विभागों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रणालियों की मौजूदा साइबर सुरक्षा तैयारियों का आकलन किया जाएगा। तीसरे उद्देश्य के तहत साइबर गवर्नेंस, साइबर घटनाओं के प्रबंधन और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय मजबूत करने के उपाय तलाशे जाएंगे। चौथे उद्देश्य में एआई आधारित खतरों और क्वांटम युग की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भविष्य की सुरक्षा प्रणालियों और तकनीकी समाधानों पर विचार होगा। पांचवें उद्देश्य के तहत सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच साझेदारी बढ़ाकर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यशाला में सरकारी सेवाओं के संचालन में एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल से जुड़े सुरक्षा पहलुओं पर भी चर्चा होगी।

अखिलेश ने पांच सीटों पर प्रत्याशी किये घोषित

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी विधानसभा के लिए मंगलवार की रात को पांच प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इनमें चार सीटें बेहट, सहारनपुर, कैराना और अमरोहा पश्चिमी यूपी की है। इन चार सीटों पर 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने जीत दर्ज की थी और पार्टी ने अपने चारों सिटिंग मुस्लिम विधायकों को दोबारा दांव लगाया है। इस बीच अखिलेश यादव ने सहारनपुर की दो सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इन सीटों पर कांग्रेस ने दावा ठोंका था। सपा और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर सोमवार और मंगलवार को बैठक हुई लेकिन सीटों का बंटवारा फाइनल नहीं हो पाया। इसमें सहारनपुर की बेहट सीट से उमर अली खान व सहानपुर से आशु मलिक को दिया है। वहीं अखिलेश ने सपा सांसद इकरा हसन के भाई नाहिद हसन को शामली की कैराना से दिया है। फिलहाल वह अभी यहीं से मौजूदा विधायक है। अमरोहा से महबूब अली और ललितपुर से ज्योति लोधी को दिया गया है। ज्योति लोधी को प्रत्याशी बनाकर अखिलेश यादव ने गैर यादव ओबीसी लोधी वोटबैंक व महिला भागीदारी का संदेश दिया है।

शादी में गया परिवार, घर में लाखों की चोरी

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़ लाखों रुपयों के जेवर और कैमरे का डीवीआर चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय पीड़ित परिवार रिश्तेदारी में विवाह समारोह में सम्मिलित होने गया था। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के वीआईपी रोड गोपालपुरी में रहने वाले कृष्ण कान्त मिश्रा पुत्र स्व राजेश्वर प्रसाद मिश्रा के अनुसार वह उक्त मकान में अपने परिवार संग रहते हैं। पीड़ित कारोबारी के अनुसार वह अपने पूरे परिवार संग जनपद प्रतापगढ़ में रहने वाले अपने चाचा के यहां बीते 20 नवंबर को शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे और घर की देखभाल के लिए एक हजार रुपये प्रतिदिन पर अपने परिचित आशु नामक युवक को घर की देखभाल के लिए रख कर गए थे जिसके पास घर के बाहरी हिस्से की चाभी थी और बरामदे में ही सोता था।

विधवा ने देवर-जेठानी पर दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रहने वाली विधवा ने अपने देवर, जेठानी व जेठानी की बेटी समेत उसके रिश्तेदारों पर गाली-गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में लिखित नामजद शिकायत दी । पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है । कृष्णानगर क्षेत्र के आजाद नगर में रहने वाली गौसिया खान पत्नी स्व० महताब आलम के अनुसार बीते 27 अक्टूबर को वह अपने मुकदमे की पैरवी के लिए घर से बाहर गई थीं । वहीं 30 अक्टूबर की शाम लगभग 5 बजे ट्यूशन पढ़कर घर लौटी उनकी बेटी दरवाजा खोलने के लिए दरवाजे को खटखटा रही थी कि घर के अंदर मौजूद जेठानी गजाला व उसकी बेटी आलिया उनकी बेटी को गंदी-गंदी गालियां देने लगीं ।

दबंगों ने दो दोस्तों को किया लहूलुहान

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी में सोमवार दोपहर लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से लैस आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने एकजुट होकर दो दोस्तों पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से भाग निकले। सरोजनीनगर के मुंशी खेड़ा ट्रांसपोर्ट नगर कानपुर रोड में रहने वाले सर्वेश कुमार के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे उनके बेटे अनिराज व उसके दोस्त अनुराग को आशियाना थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर के निकट अस्तित्व चौहान, वैभव शुक्ला, अनन्त द्विवेदी, आलोक राना, मुदित कुमार व राहुल यादव समेत उनके अन्य अज्ञात साथियों ने एकराय होकर लोहे की रॉड से सिर पर वार कर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनके बेटे और उसके दोस्त अनुराग के सिर पर गंभीर चोटें आईं। जिनका इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है।

जमीन पर अवैध कब्जा, गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन पर अवैध कब्जा कर आर्थिक लाभ अर्जित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 09 दिसम्बर 2024 को शिव बहादुर सिंह पुत्र स्व0 बनवारी सिंह ग्राम खुझौली, थाना मोहनलालगंज ने विपक्षीगण द्वारा ग्राम खुजौली मे फर्जी खाता संख्या व खसरा संख्या की एक बीघा 12 विस्वा ऊसर भूमि को कूट रचित दस्ताबेज तैयार कर व अवैध तरीकों से कब्जा करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं घटना के अनावरण के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीम द्वारा टैक्निकल व मैनुअल साक्ष्यों व स्थानीय सूचना तन्त्र के द्वारा अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह मूलरूप से ग्राम बल्लूखेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव का रहने वाला है, जब वह काफी छोटा था, तब मैं अपने पिता व परिजनों के साथ खुजौली गांव में आया था ,यहां पर विजय बहादुर सिंह जो कि अभियुक्त के रिश्तेदार थे उनके यहां रहने लगा। अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 गंगाशरण सिंह निवासी ग्राम खुजौली थाना मोहनलालगंज को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वृंदावन योजना में बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और नकदी चोरी, अज्ञात चोर पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना में सत्संग के लिए बाहर गए एक व्यक्ति के बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कीमती गहने और नकदी पार कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, मूल रूप से संत कबीर नगर के धर्मसिहवा बाजार निवासी अनिल कुमार गुप्ता फिलहाल लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र स्थित 11अ/54, सेक्टर-11 वृंदावन योजना में रह रहे हैं। तहरीर में बताया गया है कि 20 नवंबर 2026 को शाम करीब 6 बजे वह सत्संग में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। जब वह रात करीब 9 बजे घर लौटे तो भीतर का ताला टूटा मिला। घर के अंदर रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसमें रखे कीमती गहने और कुछ नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने पीजीआई थाने में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन की जा रही है।

विस चुनाव से पहले शस्त्र लाइसेंस धारकों का होगा पुलिस सत्यापन

अमन लेखनी समाचार

- एडीजी ने अधिकारियों को दिये भौतिक सत्यापन के निर्देश, आपराधिक इतिहास की भी होगी जांच

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए शस्त्र लाइसेंस धारकों का पुलिस सत्यापन कराया जा सकता है। इसके तहत लाइसेंस धारकों के दस्तावेजों के साथ उनके पास मौजूद हथियारों का भी भौतिक सत्यापन किया जाएगा। वाराणसी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक नवीन अरोड़ा ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

20 नवंबर 2026 को हुई समीक्षा बैठक में एडीजी ने जोन के सभी नौ जनपदों के पुलिस अधिकारियों को शस्त्र लाइसेंस धारकों का भौतिक सत्यापन कराने, सक्रिय अपराधियों और वांछित आरोपियों की सूची तैयार करने तथा चुनावी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए।

लाइसेंस और हथियारों का होगा मिलान : सत्यापन के दौरान शस्त्र लाइसेंस की वैधता, लाइसेंस धारक का विवरण और हथियार की स्थिति का मिलान किया जा सकता है। इसके साथ ही संबंधित व्यक्ति के आपराधिक इतिहास और कानून व्यवस्था के लिहाज से उसकी गतिविधियों की भी जांच की जाएगी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पुलिस को लाइसेंस संबंधी रिकॉर्ड अपडेट रखने और संवेदनशील मामलों की समीक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई है।

स्क्रीनिंग कमेटी करेगी समीक्षा : चुनाव के दौरान हथियार जमा कराने का निर्णय सभी लाइसेंस धारकों पर एकसमान लागू नहीं किया जा सकता। इसके लिए सक्षम अधिकारियों की स्क्रीनिंग कमेटी व्यक्तिगत मामलों की समीक्षा करती है। आपराधिक इतिहास, संवेदनशीलता और कानून व्यवस्था के खतरे को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करना है। अधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

लविवि की फिजाओं में बिखरीं पुराने दिनों की सुगंध

- शिक्षा एवं पत्रकारिता जगत की 13 विभूतियां हुईं सम्मानित
- लविवि में 106वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को 106वें स्थापना दिवस समारोह एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस से एक दिन पूर्व आयोजित इस विशेष समारोह में कवि सम्मेलन एवं विशिष्ट पूर्व छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कुलपतियों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं मीडिया जगत की हस्तियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मालवीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, शिक्षा एवं पत्रकारिता जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने की, जबकि लोक गायिका एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संस्थानों के निदेशकों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि मालिनी अवस्थी का कुलपति प्रो. जेपी सैनी द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह की शुरूआत कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी बर्थवाल के सम्मान से हुई। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी द्वारा 33 विभागों के कुल 169 शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया को गति देने की पहल की सराहना की। प्रो. बलराज चौहान का समारोह में विशेष रूप से स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रो. मनोज दीक्षित, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर, राजस्थान के पूर्व कुलपति तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष ने भी सम्मान समारोह के दौरान अपने अनुभव साझा किए। प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, शिक्षाविद् एवं विश्वविद्यालय प्रशासक का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। वह महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली (2017-2020), ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रो. पूनम टंडन, भौतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति को भी उनकी विशिष्ट शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार प्रांशु मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र पांडेय और वरिष्ठ पत्रकार राजन परिहार का लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र का स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संध्या ने बांधा समां : लविवि के मालवीय सभागार में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या में कवियों, शायरों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम में अंशु प्रिया दुबे, पंकज प्रसून, हसन काजमी, डॉ. हरिओम, समीर सैर एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी सहित अनेक रचनाकारों की उपस्थिति रही। लखनऊ के कवि, लेखक एवं मीडिया विशेषज्ञ हसन काजमी तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, कवि, कहानीकार एवं संगीतकार डॉ. हरिओम की उपस्थिति ने साहित्यिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

15 दिन में घर पहुंचेगा मतदाता पहचान पत्र

अमन लेखनी समाचार

- ऑनलाइन ट्रैकिंग व मोबाइल पर मिलेगा एसएमएस

लखनऊ। मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) बनवाने के बाद उसके वितरण में होने वाली देरी और कार्ड गुम होने की शिकायतों को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने सख्त व्यवस्था लागू की है। अब नए मतदाताओं और वोटर आईडी में संशोधन कराने वाले आवेदकों को उनका पहचान पत्र 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोग ने कार्ड के वितरण से लेकर आवेदक तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन ट्रैकिंग से जोड़ दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पहचान पत्र सही व्यक्ति तक पहुंचे। भारत निर्वाचन आयोग ने 18 जून 2025 को इस संबंध में नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी। इसके तहत मतदाता सूची में नाम जुड़ने अथवा पहले से दर्ज विवरण में संशोधन होने के 15 दिनों के भीतर ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

डाक विभाग के माध्यम से होगा वितरण : नई व्यवस्था में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा कार्ड तैयार किए जाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने तक प्रत्येक चरण की निगरानी होगी। इसके लिए निर्वाचन आयोग के एउक्की३ प्लेटफॉर्म को डाक विभाग के सिस्टम से जोड़ा गया है। कार्ड बनने, भेजे जाने और वितरण की स्थिति की जानकारी मतदाताओं को एसएमएस के माध्यम से भी दी जाएगी।

कार्ड वापस आने पर बीएलओ की जिम्मेदारी : निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार, वोटर आईडी कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्तकर्ता की पावती के साथ भेजा जाएगा। यदि कार्ड वितरित नहीं हो पाता और डाक विभाग से वापस आता है, तो संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी उसे बीएलओ से मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित करेगा। ऐसे वापस आए कार्ड को प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर बीएलओ द्वारा प्राप्तकर्ता की पावती रखने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य बिचौलियों और वितरण संबंधी गड़बड़ियों पर रोक लगाना तथा मतदाताओं को समय पर उनका पहचान पत्र उपलब्ध कराना है।

जमीन के नीचे 65,926 करोड़ रुपये से बिछेंगी बिजली की लाइनें

अमन लेखनी समाचार

- 2030 तक लखनऊ को भूमिगत नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी
- 77 जिलों में नेटवर्क सुधार के कार्य स्वीकृत



आशंका वाले स्थानों पर भूमिगत केबल बिछाने को प्राथमिकता दी जा सकती है। फिलहाल इसे प्रस्तावित योजना के रूप में ही देखा जा रहा है।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित, आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर वितरण नेटवर्क में बदलाव की तैयारी की जा रही है। इसके तहत बिजली की लाइनों को भूमिगत करने, पुराने तारों को बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में ऊर्जा क्षेत्र के लिए 65,926 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। हालांकि, इस पूरी धनराशि का उपयोग भूमिगत बिजली लाइनें बिछाने में नहीं होगा, बल्कि इसमें बिजली उत्पादन, पारेषण, वितरण और अन्य योजनाएं भी शामिल हैं।

लखनऊ में 5 हजार करोड़ की प्रस्तावित योजना : राजधानी लखनऊ में बिजली के तारों को भूमिगत करने के लिए करीब 5,000 करोड़ रुपये की योजना तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। अप्रैल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने अपने चारों जोन के अधिकारियों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मांगी थी। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2030 तक काम पूरा करना बताया गया है। इसके तहत प्रमुख मार्गों, घनी आबादी वाले क्षेत्रों और दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों पर भूमिगत केबल बिछाने को प्राथमिकता दी जा सकती है। फिलहाल इसे प्रस्तावित योजना के रूप में ही देखा जा रहा है।

बिजली नेटवर्क सुधार के लिए 4 हजार करोड़

प्रदेश के बजट में बिजली वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 4,000 करोड़ रुपये का प्रावधान भी रिपोर्ट किया गया है। इसके तहत बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने, पुराने उपकरणों को बदलने और नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने जैसे कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। भूमिगत केबलिंग से खुले तारों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और मौसम के प्रभाव से बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका कम हो सकती है।

77 जिलों में नेटवर्क सुधार के कार्य

केंद्रीय बिजली मंत्रालय के 12 मार्च 2026 के संसदीय जवाब के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 77 जिलों में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत करीब 21,204.16 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए थे। आईटी/ओटी कार्यों और परियोजना प्रबंधन शुल्क सहित यह राशि करीब 21,780.32 करोड़ रुपये है। इसमें उपकेंद्रों का उन्नयन, ट्रांसफार्मर लगाने, नई बिजली लाइनें बिछाने और वितरण व्यवस्था मजबूत करने के कार्य शामिल हैं।

अभी पूरी केबलिंग का आंकड़ा उपलब्ध नहीं

प्रदेश में कितने जिलों में बिजली की लाइनें पूरी तरह भूमिगत हो चुकी हैं और कितने जिलों में यह काम बाकी है, इसका समेकित आधिकारिक आंकड़ा फिलहाल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में 65,926 करोड़ रुपये को केवल भूमिगत केबलिंग का बजट मानना सही नहीं होगा। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आने वाले वर्षों में प्रदेश की बिजली व्यवस्था अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनने की उम्मीद है।

डीआरएम ने चौखंडी, जंघई जंक्शन का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने चौखंडी, जंघई एवं वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्री सुविधाओं में सुधार और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए।

चौखंडी स्टेशन पर डीआरएम ने प्लेटफॉर्म संख्या-1, फुट ओवर ब्रिज, शौचालय, स्टेशन मास्टर कक्ष, आईपीएस कक्ष और बैटरी कक्ष सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय विकसित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रेलवे समपार फाटक संख्या 15/सी का भी निरीक्षण किया।

इसके बाद जंघई स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या-1, 2 और 3, शौचालय, प्रतीक्षालय, पूछताछ काउंटर, स्टेशन भवन एवं अन्य कार्यालयों की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, यात्री सुविधाओं को बेहतर करने और निमार्णाधीन कार्यों में तेजी लाने को कहा।

इस दौरान एक यात्री ने ट्रेनों के कोच की स्थिति बताने वाले कोच पोजिशन बोर्ड लगाने का अनुरोध किया, जिस पर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अंत में डीआरएम ने वाराणसी जंक्शन का निरीक्षण कर उपलब्ध यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक बृजेश यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गलत बिलिंग से राहत देने की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पांचों बिजली कंपनियों में पुराने बिजली बिलों में ओवरबिलिंग और गलत बिलिंग की शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग उठी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन और सभी डिस्कॉम प्रबंधन से पुराने बिलों की गहन समीक्षा कर उपभोक्ताओं को राहत देने की अपील की है। वर्मा ने बताया कि प्रदेश की पांचों बिजली कंपनियों में 1 अप्रैल से 18 नवंबर 2026 तक बिजली आपूर्ति से संबं

संक्षेप

गंगा स्नान के दौरान पैर फिसलने से युवक डूबा, एनडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के डौंडिया खेड़ा स्थित गंगा घाट पर स्नान के दौरान पैर फिसलने से एक युवक गहरे पानी में डूब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में एनडीआरएफ की टीम मोटरबोट के जरिए गंगा में युवक की तलाश कर रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका है।जानकारी के अनुसार, किसुनी खेड़ा निवासी राजीव उर्फ गुड्डू त्रिपाठी पुत्र शिव कुमार त्रिपाठी डौंडिया खेड़ा क्षेत्र में गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि स्नान करते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव व गहरे पानी में चले गए, जिससे वह डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और घटना की जानकारी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही सीओ बीघापुर प्रदीप कुमार और बारासगवर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को देखते हुए बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। डूबा हुए युवक गांव के साथ ज्यादातर कानपुर में अपने भाई के साथ रहता है। परिवार में उसकी पत्नी दो बेटी व एक बेटा है। गांव में उनकी माँ रामकुमारी अकेले ही रहती है। थानाअध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया पानी मे बहाव तेज है। डूबे हुए व्यक्ति का पता लगाने के लिए बिल्हौर से भी गोताखोरों की टीम बुलाई गई है।

खेल के मैदान से घर लौट रही महिला के साथ की मारपीट

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र में खेल मैदान से घर लौट रही एक घरेलू महिला को रास्ते में रोककर मारपीट करने, कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामले में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम सवाईन बैरमपुर निवासी नजरीन फातिमा (पुत्री स्व. इरशाद हुसैन खान) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे वह खेल मैदान से घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में परिवार के ही जहीर आजम व रईश आजम (पुत्रगण स्व. नसीर आजम), नाजनी (पत्नी जहीर आजम) सहित अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उनके सिर के बाल नोचे और मारपीट में उनके सिर, दोनों हाथों, गर्दन व जांघ में गहरी चोटें आईं, जिससे हाथ से खून बहने लगा। शोर सुनकर बहन और गांव वालों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने 20 नवंबर 2026 को जिला अस्पताल, उन्नाव में मेडिकल कराया और उसके बाद प्रार्थना पत्र दिया। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह को सौंपी गई है।

कांग्रेस ऑब्जर्वर गीता भुक्कल पहुंचीं, कहा - वोट बचाना ही लोकतंत्र बचाना है

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हरियाणा की पूर्व मंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ऑब्जर्वर गीता भुक्कल सोमवार शाम 5 बजे उन्नाव पहुंचीं। उन्होंने भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी केंद्र और प्रदेश सरकार की है। विपक्ष जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है।जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता के दौरान गीता भुक्कल ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन 'वोट बचाओ, देश बचाओ' और 'संविधान बचाओ' अभियान के जरिए लोगों के बीच जा रहे हैं।प्रदर्शन, आंदोलन और चौपालों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जागरूक जनता किसी भी राजनीतिक ताकत का मुकाबला कर सकती है। राजस्थान के पंचायत चुनावों में कांग्रेस की जीत का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता का साथ मिलने पर राजनीतिक हालात बदल सकते हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर भुक्कल ने कहा कि कांग्रेस मृत मतदाताओं और एक से ज्यादा जगह दर्ज दोहरे वोटों को नियम के मुताबिक हटाने के खिलाफ नहीं है। लेकिन इस प्रक्रिया की आड़ में पात्र और जीवित मतदाताओं के नाम काटना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि SIR के जरिए मतदाताओं के नाम काटने और जोड़ने में मनमानी हो रही है। इससे लोगों के मतदान के अधिकार पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर भी कांग्रेस लगातार सवाल उठाती रही है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता जरूरी है।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, जिसका दायित्व निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराना है। यदि देशभर में उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं तो यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों का जिक्र करते हुए उन्होंने ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाए। कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष सड़कों पर इसलिए है, क्योंकि उसकी मांगों और सवालों पर सरकार गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। गीता भुक्कल ने बताया कि कांग्रेस संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को लखनऊ सहित विभिन्न राज्यों की राजधानियों में संविधान रक्षा मार्च आयोजित करेगी। इसके माध्यम से संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मार्च में शामिल होने की अपील की।

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ी आस्था, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। भोर से ही गंगा घाटों पर भीड़ जुटने लगी। लोगों ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना की और पंडों को दान-दक्षिणा दी। कई श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनी। उन्नाव के अलावा कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, अचलगंज, बीघापुर, मौरावां, पुरवा, असोहा और नवाबगंज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कई श्रद्धालु सुबह करीब 2 बजे ही घरों से निकलकर गंगा तट पर पहुंच गए थे। स्नान और पूजा-अर्चना का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। गंगा तट पर धार्मिक आयोजन के साथ मेले का भी आयोजन हुआ। यहां झूले, सर्कस, नाटक और खाने-पीने सहित कई तरह की दुकानें लगीं। बच्चों के खिलौनों की दुकानों पर भी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने पूजा के बाद मेले में घूमकर मनोरंजन किया।भीड़ को देखते हुए पुलिस ने घाटों और आसपास के प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की थी। चार पहिया वाहनों को गंगा तट तक जाने की अनुमति नहीं दी गई। दोपहिया वाहनों को भी निर्धारित स्टैंड तक ही जाने दिया गया। इससे घाटों पर भीड़ के बीच वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रही।जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और एसपी जय प्रकाश सिंह ने सुबह से ही घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने मिश्रा कॉलोनी घाट, गंगा विशुन घाट और आनंद घाट पर सुरक्षा व्यवस्था देखी। क्षेत्राधिकारी दीपक यादव भी घाटों पर मौजूद रहीं। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्नान व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगाघाट क्षेत्र के अधिकांश घरों और मंदिरों में तुलसी की विदाई की धार्मिक परंपरा निभाई गई। लोगों ने तुलसी के पौधे की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान और घरों में पूजा-पाठ कर धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए।

मुकदमे में सुलह न करने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र में एक महिला ने ससुराल पक्ष के चार लोगों पर पूर्व में दर्ज मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम पकरा खुर्द (भदिहा) निवासी नेहा देवी (पत्नी नीरज कुमार) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह 3 दिसंबर 2025 को नीरज कुमार पुत्र राम विलास के साथ हुआ था। उन्होंने बताया कि घरेलू अत्याचार, मारपीट और दहेज से संबंधित एक मुकदमा उन्होंने पहले थाना बारासगवर में दर्ज कराया था। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि अब ससुर राम विलास, सास पूनम, ननद रेनू और देवर उमेश उन पर उक्त मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं तथा गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही दस्तावेज के अनुसार, पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर 23 नवंबर 2026 को संबंधित आदेश के क्रम में चारों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर मामले को जांच के लिए लिया गया है।पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में धूमधाम से मना गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार को सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व मनाया गया। सुबह से श्रद्धालु गुरुद्वारे पहुंचे और गुरु दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

पर्व पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुए। गुरबाणी और शब्द कीर्तन के जरिए गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का संदेश दिया गया। दिल्ली से आईं सिमरन कौर और लखनऊ से आए भाई चरणजीत सिंह ने शब्द गायन किया। कार्यक्रम के अंत में सरबत के भले की अरदास की गई। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता और नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा भी गुरुद्वारा पहुंचे। दोनों ने गुरु दरबार में माथा टेका और संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार अरविंदर सिंह के नेतृत्व में हुआ। मुख्य सेवादारों में सरदार कुलदीप सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह (रेशू), सरदार जरनैल सिंह, कुंवर प्रीत सिंह, जसमीत सिंह, सरदार करनजीत सिंह और सरदार इंदरजीत सिंह शामिल रहे। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों और अन्य सेवादारों ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया।इस दौरान गुरु नानक देव जी के संदेश 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' को याद किया गया। संगत ने प्रेम, समानता, भाईचारे, सेवा और मानवता के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। गुरुद्वारा कमेटी ने आयोजन में सहयोग करने वाले अतिथियों, सेवादारों और श्रद्धालुओं का आभार जताया।

घर के अंदर युवक का मिला शव जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के भरतपुर भड़वा गांव में मंगलवार को उमेश (36) का शव घर के अंदर मिला। उनकी पत्नी रिंकी ने कमरे में पहुंचकर उन्हें देखा, जिसके बाद उनकी आवाज सुनकर परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

उमेश, गुरु प्रसाद के बेटे थे। वह लखनऊ में रहकर ईंट-पथाई का काम करते थे और परिवार का खर्च चलाते थे। मंगलवार को वह घर पर थे। दोपहर करीब दो बजे रिंकी किसी काम से कमरे में पहुंचीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

उमेश दो भाइयों में बड़े थे। उनका छोटा भाई प्रयागराज में किताबों की मशीन से जुड़ा काम करता है। परिवार में उनकी मां बिटाना देवी, पत्नी रिंकी और तीन बेटियां हैं।सूचना मिलने पर माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल देखा और परिजनों से जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की गई।पुलिस के मुताबिक, घटना की वजह अभी पता नहीं चली है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्तिक पूर्णिमा पर मां चंद्रिका देवी धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर मंगलवार को बक्सर स्थित मां चंद्रिका देवी धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर की पहली किरण से पहले ही हर-हर गंगे के जयघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने मां चंद्रिका देवी के दरबार में मत्था टेका और विधिवत पूजा-अर्चना कर पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी। इस दौरान कई भक्तों ने गंगा तट पर बैठकर श्री सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनी।गंगा स्नान के लिए उन्नाव के अलावा रायबरेली जिले की सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आस्था का आलम यह रहा कि कड़ाके की ठंड के बावजूद कई श्रद्धालु तड़के करीब दो बजे ही अपने घरों से निकलकर बक्सर घाट पहुंच गए थे। ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ स्नान और दर्शन-पूजन का यह सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहेगा। वहीं, भगवंत है क्षेत्र के अधिकांश घरों और मंदिरों में तुलसी विदाई की पारंपरिक रस्म भी श्रद्धापूर्वक निभाई गई। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ गंगा तट पर भव्य मेले का भी आयोजन हुआ। मेले में लगे झूले, सर्कस, नाटक और खानपान की दुकानों पर खासी रौनक रही। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और खिलौनों की दुकानों पर भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने भी घरेलू सामान और सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी कर मेले का लुत्फ उठाया।

भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने सुबह घाट का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे और घाट पर जल पुलिस व नाविकों को सतर्क रखा गया। अधिकारियों ने सुरक्षा और स्नान व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए।

यातायात सुगम बनाए रखने के लिए थाना बारासगवर क्षेत्र में 23 नवंबर की रात 10 बजे से 24 नवंबर की शाम 6 बजे तक रूट डायवर्जन लागू है। इसके तहत लालकुआं से धानीखेड़ा, पाटन और सुमेरपुर से बक्सर की ओर जाने वाले सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहा और उन्हें एनएच-31 से लालगंज होते हुए गंतव्य की ओर भेजा गया।

घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बहन को लेने के लिए नवाबगंज जा रहे बाइक सवार युवक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने लखनऊ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार को उसकी मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक की पहचान दिलीप (20) पुत्र दयाशंकर निवासी सरौती थाना सोहरामऊ के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, 11 नवंबर को दिलीप बाइक से अपनी बहन को लेने के लिए नवाबगंज जा रहा था। इसी दौरान आशा खेड़ा के पास दूसरी बाइक ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। लखनऊ में कई दिनों से उसका इलाज चल रहा था। परिजन उसके स्वस्थ होने की उम्मीद लगाए हुए थे, लेकिन मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों ने बताया कि दिलीप दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। परिवार में सबसे छोटा होने के कारण वह सभी का लाडला था। जिस दिन हादसा हुआ, उस दिन वह अपनी बहन को लेने के लिए घर से निकला था, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। बहन को लेने निकले भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। जिओ पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात भारी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान आलोक (33) पुत्र रामसेवक के रूप में हुई है। वह मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले थे। राजमिस्त्री का काम करने के लिए कानपुर में किराए के कमरे में रहते थे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह निर्माण कार्य से जुड़ा काम देखने के लिए उन्नाव जा रहे थे। इसी दौरान अजगैन क्षेत्र में हादसा हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भारी वाहन की टक्कर लगने से आलोक बाइक समेत सड़क पर गिर गए। उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।आलोक की मौत की सूचना मिलने के बाद जौनपुर में रह रहे परिवार के लोग उन्नाव आने की तैयारी में जुट गए। वह राजमिस्त्री का काम करके परिवार का खर्च चलाते थे।इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी।

बिठूर से लौट रही श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्राली परियर के पास पलटी, 16 घायल, 5 रेफर

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा पर बिठूर में गंगा स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली मंगलवार सुबह परियर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत 16 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्राली के नीचे दबे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया। पांच घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण गांव निवासी करीब 30 श्रद्धालु मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर गांव की ट्रैक्टर-ट्राली से बिठूर गंगा स्नान करने गए थे। स्नान के बाद सुबह करीब 11 बजे सभी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान परियर स्थित शिव गंगा रिसॉर्ट के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर पर चालक नियंत्रण खो बैठा। इससे ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई।ट्राली पलटते ही उसमें सवार श्रद्धालु नीचे दब गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची परियर चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्राली को सीधा कराकर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकलवाया।हादसे में घायल ब्रजमोहन (20), गौरव (40), साक्षी (18), वंदना (32), तनवी (11), रन्नो (45) और गुलशन (18) को सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं सोनू (35), नेहा, पूजा, रानी, शैलेश, सुमन, पूनम, इशांत और शुभ को परियर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल ब्रजमोहन, साक्षी, वंदना और रन्नो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि शैलेश की हालत गंभीर देखते हुए उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया।

साथी के घायल होने पर भड़के सफाईकर्मी, बाईपास पर रोके भारी वाहन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने सोमवार रात सफाई कार्य का बहिष्कार कर दिया। कर्मचारी आवास विकास बाईपास पर पहुंचे और हाईवे से शहर की तरफ आ रहे बड़े वाहनों को रोककर उन्हें तय रूट से जाने के लिए कहा। रविवार रात कचहरी ओवरब्रिज पर साथी कर्मचारी के घायल होने के बाद कर्मचारियों ने यह कदम उठाया। रविवार रात कचहरी ओवरब्रिज पर सफाई कर रहे नगर पालिका कर्मचारी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्मचारी पुल से करीब 30 फीट नीचे जा गिरा। उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।कर्मचारियों का कहना है कि शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में राहगीर और सड़क पर काम करने वाले कर्मचारी घायल होते हैं। सोमवार रात कर्मचारियों ने आवास विकास बाईपास पर हाईवे से आने वाले बड़े वाहनों को रोका। उन्होंने चालकों से शहर के अंदर जाने के बजाय तय रूट से जाने को कहा। कर्मचारियों ने प्रतिबंधित रास्तों से शहर में आने वाले वाहनों पर भी नाराजगी जताई। उनका मानना है कि भारी वाहनों के लिए तय रूट का पालन कराने से शहर में हादसे कम हो सकते हैं।इस दौरान सामने आए एक वीडियो में वाहन चालक श्यामवीर सिंह ने कहा कि वह लोकेशन देखकर पुल के नीचे से शहर की ओर आ गया था। उनके मुताबिक, बैरिकेडिंग के पास लाल कपड़े पहने चार-पांच लोग बैठे थे। चालक ने आरोप लगाया कि उन लोगों ने आगे जाने के लिए 200 रुपये मांगे। रुपये देने पर उसे लाल रंग की रसीद दी गई।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने डीसीएम अज्ञात वाहन से टकराई, केबिन में फंसा चालक, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने मंगलवार सुबह करीब 4 बजे एक डीसीएम ओवरटेक करने के प्रयास में आगे चल रहे अज्ञात वाहन से जा टकराई। जिससे डीसीएम का केबिन और दाहिना हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे चालक केबिन में ही फंस गया।गोंडा जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र लोहरा जोठा निवासी कमरुद्दीन खान (24) पुत्र भुल्लर खान, शहर कोतवाली के ही बनकटवा निवासी क्लीनर गुलाम एस दानी (20) पुत्र इब्राहिम के साथ सोमवार को मध्य प्रदेश के शिवपुरी से डीसीएम में टमाटर लोड कर गोंडा जा रहा था। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे जैसे ही डीसीएम अजगैन स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पास पहुंची, ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर आगे जा रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई।हादसे के बाद डीसीएम चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक व घायल क्लीनर को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। जहां से डॉक्टर ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाकर यातायात सुचारु कराया।

पेड़ को लेकर हुई मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत खेत में पेड़ कटवाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम सराय मनिहार निवासी राघव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अगस्त शाम 4 बजे वह अपने खेत में बबूल के पेड़ कटवा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही संतोष कुमार अवस्थी और अशोक कुमार अवस्थी पुत्रगण महावीर अवस्थी वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब राघव सिंह ने गाली देने का विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया दो व्यक्तियो के प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सम्पादकीय

हवा में जहर, पानी में रसायन आखिर कहां सुरक्षित हैं हम

देश में विकास और आधुनिक जीवनशैली की चमक के बीच एक ऐसा संकट गहराता जा रहा है, जिसकी कीमत आम आदमी अपनी सेहत और जीवन से चुका रहा है। महानगरों में सांस लेना मुश्किल होता जा रहा है और अब बोतलबंद पानी की शुद्धता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली ही नहीं, मुंबई, गुरुग्राम, नोएडा, लखनऊ और देश के दूसरे बड़े शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। विडंबना देखिए कि जिस मुंबई को समुद्री हवाओं और खुले वातावरण के कारण अपेक्षाकृत साफ हवा वाला शहर माना जाता था, वहां भी वायु गुणवत्ता दिल्ली से खराब होने पर बॉम्बे हाईकोर्ट को चिंता जतानी पड़ी। दूसरी ओर, देश के सबसे प्रतिष्ठित बोतलबंद पानी के ब्रांडों में शामिल बिसलेरी के एक नमूने को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने असुरक्षित घोषित किया है। ये दोनों घटनाएं मिलकर एक बड़ा सवाल खड़ा करती हैं कि आखिर इस देश में आम नागरिक के लिए साफ हवा और सुरक्षित पानी की गारंटी कौन देगा? वायु प्रदूषण अब किसी एक शहर या मौसम की समस्या नहीं रह गया है। सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर की दमघोंटू हवा हर साल सुर्खियां बनती है, लेकिन मुंबई जैसे तटीय शहर में भी प्रदूषण का बढ़ता स्तर बताता है कि समस्या की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान नगर निकायों और सरकारी एजेंसियों की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने सड़क किनारे कच्चे हिस्सों से उड़ती धूल को गंभीर आघात स्थिति बताते हुए नियमित सड़क सफाई, निर्माण मलबे के वैज्ञानिक निपटान और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण के निर्देश दिए हैं। हवा के बाद अब पानी की शुद्धता पर उठे सवाल और भी चिंताजनक हैं। एफएसएसएआई ने बिसलेरी इंटरनेशनल के सेवा संयंत्र से लिए गए एक नमूने में निर्धारित सीमा से अधिक ब्रोमेट मिलने और जांच में पॉलीन्यूक्लियर एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी के आधार पर उत्पाद को असुरक्षित बताया है। निकायक ने कंपनी के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी भी दी है। हालांकि बिसलेरी का कहना है कि मामला सितंबर 2025 में तैयार किए गए एक बैच का है। कंपनी के अनुसार शुरुआती जांच में छह नमूनों में से पांच निर्धारित मानकों पर खरे उतरे थे और छठे में ब्रोमेट की मात्रा निर्धारित सीमा से मामूली अधिक थी। कंपनी ने बाद की स्वतंत्र जांच में ब्रोमेट निर्धारित सीमा के भीतर पाए जाने का दावा किया है। उसका यह भी कहना है कि उसे हालिया कार्रवाई के संबंध में कोई औपचारिक नोटिस नहीं मिला। इस मामले में कंपनी और निकायक के दावों के बीच अंतर को देखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी जांच जरूरी है। ब्रोमेट जल शोधन की प्रक्रिया में उप-उत्पाद के रूप में बन सकता है और इसके लंबे समय तक सेवन को स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण माना जाता है। लेकिन प्रतिष्ठित ब्रांड के मामले में भी गुणवत्ता संबंधी सवाल उठना खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर परीक्षा है। जांच के नमूने, प्रयोगशालाओं के निष्कर्ष और कंपनी के जवाब सार्वजनिक होने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे। सरकार को सभी कंपनियों के संयंत्रों और उत्पादों की नियमित, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करनी चाहिए। मानकों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई ऐसी हो कि कंपनियों के लिए गुणवत्ता से समझौता करना महंगा साबित हो। दरअसल, स्वच्छ हवा और सुरक्षित पानी को महज पर्यावरण या खाद्य सुरक्षा का तकनीकी विषय मानना भूल होगी। ये नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य से जुड़े बुनियादी अधिकार हैं।



गुद्दा

ओमकार चौधरी

परिसीमन पर सियासी घमासान

संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त 2026 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन उसका औपचारिक सत्रावसान अब तक नहीं हुआ है। 21 नवंबर को इस स्थिति के सौ दिन पूरे हो गए। भारतीय संसदीय इतिहास में यह असामान्य घटनाक्रम है। सामान्यतः संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा सत्रावसान की अधिसूचना जारी कर दी जाती है। इस बार ऐसा नहीं हुआ। इसका अर्थ है कि सरकार निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर उसी सत्र की बैठक दोबारा बुला सकती है। सवाल यह है कि मानसून सत्र को इतने लंबे समय तक औपचारिक रूप से समाप्त क्यों नहीं किया गया? क्या इसके पीछे महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन को दोबारा संसद में लाने की तैयारी है? विपक्ष विशेषकर कांग्रेस इन्हीं सवालों को उठा रही है। इस घटनाक्रम को समझने के लिए अप्रैल में लौटना होगा। केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल को लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित विधेयक प्रस्तुत किए थे। इनका उद्देश्य महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था को प्रभावी बनाना और लोकसभा तथा विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण का रास्ता खोलना था।

प्रस्ताव में लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने की व्यवस्था थी। सरकार चाहती थी कि महिला आरक्षण आगामी लोकसभा चुनाव से प्रभावी हो सके। लेकिन 17 अप्रैल को संविधान संशोधन आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर पाया। कुल 528 सांसदों ने मतदान किया। पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। संविधान संशोधन पारित करने के लिए कम से कम 352 वोट आवश्यक थे। इस प्रकार सरकार 54 वोटों से पीछे रह गई। इसके बाद संबंधित दोनों अन्य विधेयक भी वापस ले लिए गए। पिछले सात महीनों में संसद का राजनीतिक गणित काफी बदल गया है। आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना बड़े स्तर पर टूट हुई। इन घटनाओं से भाजपा तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय समर्थन में वृद्धि हुई है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में आप आदमी पार्टी के स्वत राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। जून में उसके 20 लोकसभा सांसदों ने अलग गुट बनाकर नेशनलिस्ट सिविटजन्स पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़ने और एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की। हालांकि इनके दल-बदल को लेकर तृणमूल कांग्रेस की अयोग्यता याचिकाओं पर संसदीय प्रक्रिया चलती रही। इस कारण समर्थन की घोषणा और कानूनी रूप से मान्य विलय में अंतर करना आवश्यक है। तृणमूल के चार राज्यसभा सांसदों ने भी अलग-अलग समय पर इस्तीफे दिए और भाजपा में शामिल हुए। महाराष्ट्र में 22 जून को उद्धव ठाकरे की शिवसेना के छह लोकसभा सांसद एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए। इससे उद्धव गुट की लोकसभा संख्या नौ से घटकर तीन रह गई। इन घटनाओं को जोड़ने पर विपक्षी दलों के 37 सांसदों के पाला बदलने का चित्र सामने आता है। हालांकि सभी सीधे भाजपा में शामिल नहीं हुए और सभी मामलों की संसदीय स्थिति एक जैसी नहीं है। इसलिए



इस संख्या को भाजपा की सदस्य संख्या में सीधे जोड़ना उचित नहीं होगा। भाजपा सूत्रों ने लोकसभा में एनडीए और उसके समर्थकों की संख्या लगभग 320 तथा राज्यसभा में 155 बताई। दूसरी रिपोर्टों में लोकसभा की संख्या 319 भी बताई गई है। यह अंतर बताता है कि औपचारिक गठबंधन सदस्यता और बाहर से समर्थन देने वालों की गणना में सावधानी आवश्यक है। संविधान संशोधन के लिए प्रत्येक सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई मत आवश्यक हैं। यदि लोकसभा के सभी 543 सदस्य मतदान करें, तो 362 वोट चाहिए होंगे। इस स्थिति में 320 समर्थकों वाली सरकार को 42 अतिरिक्त वोटों की आवश्यकता पड़ेगी। इसीलिए समाजवादी पार्टी, डीएमके और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर निगाहें टिकी हैं। समाजवादी पार्टी के 37, डीएमके के 22 और शरद पवार की पार्टी के आठ लोकसभा सांसद हैं। तीनों के कुल 67 सांसद होते हैं। यदि ये दल समर्थन करें, तो सरकार का काम आसान हो सकता है। लेकिन अभी किसी ने नए प्रस्ताव पर बिना शर्त समर्थन घोषित नहीं किया है। डीएमके दक्षिणी राज्यों की संसदीय हिस्सेदारी सुरक्षित रखने की गारंटी चाहती है। शरद पवार की पार्टी में भी सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ाने जैसे विकल्पों पर चर्चा हुई है। समाजवादी पार्टी के संभावित रुख को लेकर भाजपा सूत्रों के आकलन सामने आए हैं, लेकिन अखिलेश यादव की ओर से सहमति की पुष्टि नहीं हुई है। राज्यसभा में बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस, बसपा तथा निर्दलीय सांसदों की संभावित भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। समर्थन के अलावा मतदान से अनुपस्थित रहने का फैसला भी संविधान संशोधन के गणित को प्रभावित कर सकता है। लेकिन संभावनाओं को निश्चित समर्थन मान लेना जल्दबाजी होगी। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने 14 नवंबर को सवाल उठाया कि महिलाओं को आरक्षण देने के नाम पर व्यापक परिसीमन क्यों कराया जा रहा है? उनका कहना है कि यदि उद्देश्य महिलाओं को संसद में एक-तिहाई प्रतिनिधित्व देना है, तो मौजूदा 543 सीटों में से ही एक-तिहाई सीटें आरक्षित की जा सकती हैं। इसके लिए लोकसभा की सदस्य संख्या बढ़ाना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने सरकार से प्रस्तावित विशेष संसदीय बैठक और नए विधेयक की स्थिति स्पष्ट करने की भी मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस विवाद को संसद के सत्रावसान में हो रही देरी से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए सौ दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन उसका सत्रावसान नहीं किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर परिसीमन संबंधी संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बहुमत जुटाने के तरीके पर भी उन्होंने सवाल उठाए। हालांकि इस राजनीतिक आरोप को प्रमाणित तथ्य नहीं माना जा सकता। अब प्रश्न है कि सरकार अप्रैल में असफल हो चुके प्रस्ताव को किस रूप में वापस लाएगी। क्या वह संसदीय संख्याबल के आधार पर संशोधन पारित कराने का प्रयास करेगी अथवा विपक्षी दलों की आपत्तियों के समाधान के लिए नया प्रारूप तैयार होगा? क्या क्षेत्रीय दल राज्यों का प्रतिनिधित्व सुरक्षित रखने की संवैधानिक गारंटी मिलने पर समर्थन देंगे? और क्या महिला आरक्षण को व्यापक परिसीमन से अलग करके कोई सहमति बन सकती है? इन सवालों के उत्तर सरकार के अगले कदम और नए विधेयक की वास्तविक सामग्री से मिलेंगे। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि अप्रैल की तुलना में संसदीय अंकगणित बदल चुका है, लेकिन महिला आरक्षण और परिसीमन पर राजनीतिक सहमति का प्रश्न अब भी अनसुलझा है।

प्रकाश पर्व

मनोज वशिष्ठ



समतामूलक समाज का नानक-मॉडल

गुरु नानक का संदेश 557 साल बाद आज भी नया है। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि न कोई हिंदू है, न कोई मुसलमान, सब इंसान हैं। आज जब दुनिया धर्म के नाम पर बंट रही है, तब गुरु नानक का संदेश और भी जरूरी हो जाता है। मानव इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब समाज में वैचारिक जड़ता, पाखंड और ऊंच-नीच की दीवारें मानवीय संवेदनाओं का गला घोंटने लगती हैं, तब-तब इस धरा पर ऐसे महापुरुषों का प्राकट्य होता है जो लीक से हटकर एक नए और प्रबुद्ध समाज की नींव रखते हैं। मध्यकाल के उस संधिकाल में, जब धर्म और जाति के नाम पर इंसान को इंसान से काटा जा रहा था, तलवंडी की पावन माटी पर एक ऐसे युगदृष्टा का अवतरण हुआ जिन्होंने तलवार के बल पर नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और सहज जीवन-दर्शन के बल पर पूरी दुनिया का मन जीत लिया। वे गुरु नानक देव थे। गुरु नानक का दर्शन एक ऐसा जीवंत और व्यावहारिक मॉडल है जो आज की उलझन भरी दुनिया में भी इंसान को इंसान से जोड़ने का सबसे अचूक सूत्र प्रदान करता है। उनके इस विराट दर्शन के तीन सबसे मजबूत और आधारभूत स्तंभ हैं- संगत, पंगत और 'सरबत दा भला'। 'संगत' केवल कुछ लोगों का एक स्थान पर एकत्र होना मात्र नहीं है। यह वैचारिक और आत्मिक एकात्मकता का वह पवित्र मंच है, जहां किसी राजा और रंक, अमीर और गरीब, उच्च और निम्न का कोई भेद नहीं रहता। उस दौर में जहां समाज जातिगत सोपान में जकड़ा हुआ था, गुरु नानक ने एक ऐसा खुला आकाश रचा जहां हर प्राणी समान भाव से बैठ सकता था। संगत का अर्थ है- सत्संग, यानी सत्य के संग जुड़ना। जब विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोग एक ही छत के नीचे बैठकर समभाव से उस परम सत्य का स्मरण करते हैं, तो अहंकार की सारी दीवारें अपने आप ढह जाती हैं। यह सामाजिक समावेशन का पहला पाठ था। संगत के वैचारिक धरातल को व्यावहारिक धरातल पर जीवंत रूप देने वाली परंपरा थी- 'पंगत'। पंगत यानी 'एक ही पंक्ति'। यह करतारपुर की वह ऐतिहासिक प्रयोगशाला थी जहां गुरु नानक ने स्वयं हल चलाया, मेहनत की कमाई से अन्न उगाया और उस अन्न से तैयार भोजन को एक विशाल साझी रसोई (लंगर) के रूप में परोसा। उस लंगर में जब कोई राजा अपनी राजसी पोशाक छोड़कर और कोई साधारण मजदूर एक ही कतार में जमीन पर बैठकर भोजन करते थे, तो वह क्षण समाजवाद की किसी भी किताबी परिभाषा से बहुत ऊपर उठकर एक मानवीय सत्य बन जाता था। पंगत ने छुआछूत और ऊंच-नीच की बीमारी पर सीधा और निर्णायक प्रहार किया। यह उद्घोष था कि भूख की कोई जाति नहीं होती। इस मॉडल की परिपूर्णता होती है तीसरे महामंत्र में-'सरबत दा भला'। इतिहास में अधिकांश आंदोलनों ने अपने अपनों के कल्याण की बात की। इसके विपरीत, सिख परंपरा की प्रत्येक अरदास का समापन इसी वैश्विक कामना से होता है -"नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला"। इसमें केवल अपने परिवार या देश का ही नहीं, बल्कि इस ब्रह्मांड के हर जीव और प्रकृति के हर घटक के कल्याण की प्रार्थना छिपी है। जिसकी चेतना में 'सरबत दा भला' बस जाता है, वह किसी से बैर नहीं रख सकता। आज 21वीं सदी में भौतिक उन्नति के बावजूद मनुष्य के भीतर दूरियां बढ़ती जा रही हैं। दुनिया जाति, मजहब, राष्ट्र और आर्थिक असमानता की दीवारों में फिर बंट रही है। ऐसे समय में यह 'नानक-मॉडल' हमारे लिए किसी प्रकाशस्तंभ से कम नहीं है। सच्चा मनुष्य वही है



जो अपने भीतर के अहंकार को मिटाकर दूसरों में ईश्वर के दर्शन करे। जो अपनी कमाई का एक हिस्सा जरूरतमंदों के साथ बांटे। जो हर परिस्थिति में समभाव बनाए रखे। यही गुरु नानक के दर्शन का सार है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग भी।

जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



सकलित

दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यही बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आप अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

कोयला और चंदन



संकलित

प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो यह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकड़ी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

अंतर्मन



आज की पाती

संसद सत्र को लेकर नया रिकार्ड

भारतीय संसदीय इतिहास में 21 नवंबर 2026 की तारीख एक अलग वजह से दर्ज हो गई। संसद का मानसून सत्र समाप्त हुए बिना ही 100 दिन की अवधि पार कर गया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी लेकिन राष्ट्रपति की ओर से अब तक औपचारिक सत्रावसान की अधिसूचना जारी नहीं हुई। इस प्रकार संसद का मानसून सत्र पिछले 87 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एक नए ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंच गया। वर्ष 2008 में संसद का एक सत्र 87 दिनों तक औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ था। इस बार यह अवधि 100 दिनों तक पहुंच गई है।

- वीरेंद्र कश्यप, रायपुर

ट्रेंड

सर्वाइकल कैंसर

हर महिला लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने और उनके लिए एक सशक्त भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। मैं उन सभी हितधारकों की सराहना करता हूं, जिनके प्रयासों से यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

धार्मिक परंपरा

मैं भारतीय अध्यात्मिकता और धार्मिक परंपराओं से बिलकुल सहमति से उतरता हूं, उतनी ही जैसे सहज लेती रही है। अन्याय और अत्याचार असत्य, असत्यों, अविवेकी और पुरुष प्रधान सोच वाले लोग हैं, जिन्हें हमारी आध्यात्मिक और धार्मिक परंपराओं की सही समझ नहीं है।

- राहुल बाबा, सांसद, कांग्रेस

प्रशासन पर दबाव

पंचायत राज चुनावों से पहले सरपंच पद के कार्यों में भाजपा सरकार ने जोड़ी तोड़ नहीं सीखा है। कई जगहों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि भाजपा सरकार पुलिस और प्रशासन पर दबाव डालकर खेल बनाने के लिए जबरदस्ती का तरीका अपनाने वाली है। -अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

निष्पक्षता का साथ

आज की दुनिया में परिवार सरकार, व्यापार संस्थान और हमारी न्यायपालिका तक सभी को निष्पक्षता का साथ देना - इसके लिए हिम्मत चाहिए। सीजेआई जो ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि किसी इस पार्टी को जरूरत है, लेकिन विज्ञान साफ है और सबूत मौजूद है।

- वैया बिर्जा, अभिनेत्री

करंट अफेयर

तेल रिसाव से कोलंबो का 3 किमी समुद्र तट प्रदूषित

श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर तेल रिसाव के कारण मुतवाल समुद्र तट सहित तीन किलोमीटर से अधिक लंबा तटीय इलाका प्रदूषित होने के बाद तेल के फैलाव को रोकने और प्रभावित इलाकों की सफाई के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार सुबह कोलंबो बंदरगाह के 'जया कंटेनर टर्मिनल' (जेसीटी) संख्या 108 पर स्थित एक भंडारण टैंक से तेल का रिसाव हुआ। इस टैंक की क्षमता लगभग 1,000 टन थी और घटना के समय यह पूरी तरह भरा हुआ था।



ऑफ बीट

कम्पास की सुई हमेशा उत्तर दिशा की ओर क्यों घूमती है?

क्या आपने कभी कम्पास (दिशासूचक यंत्र) को अलग-अलग दिशाओं में घुमाकर यह देखने की कोशिश की है कि उसकी सुई किस तरह प्रतिक्रिया करती है? कम्पास को किसी भी दिशा में घुमाएं, उसकी सुई अंततः उत्तर दिशा की ओर ही मुड़ जाती है। इसके पीछे कोई जादू नहीं, बल्कि भौतिक विज्ञान का एक दिलचस्प सिद्धांत काम करता है। आज के डिजिटल दौर में भी कम्पास दिशा जानने का एक उपयोगी साधन बना हुआ है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे काम करने के लिए बिजली की जरूरत नहीं होती, जबकि जीपीएस जैसे उपकरण बिजली पर निर्भर होते हैं।



संक्षेप

किशोरी घर में फंदे से लटकी मिली

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं

अमेठी , शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता स्थित पूरे लक्ष्मन देई गांव में मंगलवार को 16 वर्षीय किशोरी कीर्ति शर्मा घर में मृत मिली। उसका शव छत के पंखे से साड़ी के सहारे लटका था। मनोज शर्मा की बेटी कीर्ति मंगलवार सुबह करीब 11 बजे घर में अकेली थी। पुलिस के मुताबिक, उसके पिता और चाचा दिल्ली में मजदूरी करते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। शिवरतनगंज थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि किशोरी के बाबा ने पोस्टमार्टम के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण बताया जा सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंडरपास में ट्रक फंसा, सैकड़ों वाहन जाम में अटके

जलालपुर तिवारी में सहालग के चलते सड़कों पर बढ़ा दबाव

अमेठी , जगदीशपुर में बाजार शुकुल रोड पर जलालपुर तिवारी के अंडरपास में मंगलवार शाम 5 बजे एक ट्रक फंस गया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन जाम में अटक गए। घंटों तक जाम रहने से राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और कारों में सवार लोगों को परेशानी हुई। कई वाहन चालक काफी देर तक फंसे रहे। जल्दबाजी में निकलने की कोशिश के दौरान दोनों ओर वाहनों की कतारें और लंबी हो गईं। इन दिनों सहालग के चलते सड़कों पर सामान्य दिनों से ज्यादा वाहन चल रहे हैं। शादी में जाने वाले लोगों के साथ मालवाहक वाहनों की संख्या भी बढ़ी हुई है। ट्रक हटने के बाद यातायात फिर से चल सका। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंडरपास पर जाम लगने से आसपास के गांवों से आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी हुई। जरूरी काम से निकले लोगों और शादी में जा रहे लोगों को समय पर पहुंचने में दिक्कत हुई। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि अंडरपास में भारी वाहन फंसने पर यातायात चलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या है।

जगदीशपुर में दो मारपीट की घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज

बुजुर्ग महिला, बेटी और युवक की पिटाई का आरोप; पुलिस जांच कर रही

जगदीशपुर (अमेठी) , मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एक मामले में बुजुर्ग महिला और उनकी बेटी से मारपीट का आरोप है। दूसरे मामले में घर आने से मना करने पर एक युवक की पिटाई की गई। पुलिस जांच कर रही है। पहला मामला करीडीह मजरे जलालपुर तिवारी गांव का है। गांव की सुरजकला ने अपनी बहू गीता, आंचल, अंशु और आसू पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, 13 अक्तूबर की शाम वह गाली-गलौज का विरोध कर रही थीं। इसी बात पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।

भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में आयोजित चिकित्सा शिविर में 58 मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया उपचार

श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 के मेगा शिविर में 11 प्रदेशों के चिकित्सकों ने दी सेवाएं

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



ब्हराइच। सीमावर्ती और सुदूर वनवासी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 के तहत श्री मरी माता मंदिर परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान समेत देश के 58 मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों और चिकित्सा विद्यार्थियों ने सहभागिता कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 11 प्रदेशों से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को परामर्श देने के साथ निरूशुल्क दवाओं का वितरण भी किया। शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य उन सुदूर वनवासी और सीमावर्ती क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जहां लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इस यात्रा के माध्यम से विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सक गांवों और दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचकर मरीजों का उपचार करने के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पुनीत अभियान में 11 प्रदेशों के मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सक और चिकित्सा विद्यार्थी सेवा भाव से सहभागिता कर रहे हैं। मुख्य वक्ता स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य सेवा यात्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्यों से जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलता है और समाज में सेवा, समर्पण तथा सहयोग की भावना मजबूत होती है। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कुल 32 स्टॉल बनाए गए थे। इनमें जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक-कान-गला, दंत रोग और आयुष समेत विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। जरूरत के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। एक ही परिसर में विभिन्न विशेषज्ञताओं के चिकित्सकों की मौजूदगी से बड़ी संख्या में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र वत्स ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहिया संस्थान के महानिदेशक प्रो. सीएम सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, मेडिकल कॉलेज बहराइच के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री, श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के उपाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार, सरदार पटेल ग्रुप लखनऊ के श्लोक सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेंद्र दुबे, लोहिया संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह, बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष विराज सागर दास, एनएमओ के कोषाध्यक्ष डॉ. रोहित अग्रवाल और दयाल ग्रुप लखनऊ के पार्थ सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पार्थिवी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजकिशोर जी, सह विभाग संघचालक कृष्णानंद शुक्ला, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र सिंह, सह संयोजक रमेश पाठक, विभाग कार्यवाहिका सुनीता सिंह, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभाकर मिश्रा, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन बहराइच के संरक्षक डॉ. जीएन मिश्रा, डॉ. महेश अग्रवाल, डॉ. राजेश चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष डॉ. सारिका साहू, सचिव डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. बृजेश शुक्ला, डॉ. रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ. दिवाकर दत्त, डॉ. रामकुमार, डॉ. अमिताभ वशिष्ठ, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. उपेंद्र वर्मा, डॉ. मोहम्मद यूनुस, डॉ. अनुरोध पटेल, डॉ. दिव्येश बरनवाल, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, जिला प्रचार प्रमुख विपिन उत्तम धनंजय सिंह, अमित कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय बने देवीपाटन मण्डल के मांडलिक संगठन मंत्री

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ०दिनेश चंद्र शर्मा ने प्रांतीय कार्यसमिति में देवीपाटन मण्डल का मांडलिक संगठन मंत्री जनपद बहराइच के जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय को नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष के इस निर्णय का प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच हार्दिक स्वागत करता है और बहराइच को सम्मान देने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। विजय कुमार उपाध्याय की कार्यशैली से अब देवीपाटन मण्डल में प्राथमिक शिक्षक संघ की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

खानवाद-ए-अशरफिया के इतिहास में जुड़ा नया स्वर्णिम अध्याय, अल्लामा अजहरी सैयद नोमान मियां ने मिस्र से हासिल की हदीस में विशेषज्ञता की उपाधि

विश्वविख्यात अल-अजहर विश्वविद्यालय मिस्र से उच्च इस्लामी शिक्षा प्राप्त कर भारत का नाम किया रोशन

देशभर में खुशी की लहर, उलेमा और अकीदतमंदों ने दी मुबारकबाद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत के प्रतिष्ठित धार्मिक परिवार खानवाद-ए-अशरफिया किछौछा शरीफ के लिए गौरव और प्रसन्नता का ऐतिहासिक अवसर सामने आया है। खानवाद-ए-अशरफिया के चश्मो-चिराग, मजहर-एइज़्मोहद्दीस-ए-आजम -ए-हिंद, प्रसिद्ध युवा इस्लामी धर्मगुरु अल्लामा अजहरी सैयद नोमान मियां अशरफी जिलानी किछौछवी ने मिस्र के काहिरा स्थित विश्वप्रसिद्ध जामिया अल-अजहर विश्वविद्यालय से हदीस के क्षेत्र में तखस्सुस (विशेषज्ञता) की उपाधि प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि को खानवाद-ए-अशरफिया के शैक्षणिक एवं धार्मिक इतिहास में एक नए स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। परिवार की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैयद नोमान मियां खानवाद-ए-अशरफिया किछौछा शरीफ के पहले अजहरी हैं, जिन्होंने हदीस में यह विशेष उपाधि हासिल की है। गौरतलब है कि अल्लामा अजहरी सैयद नोमान मियां, महान इस्लामी विद्वान मुहद्दिस-ए-आजम-ए-हिंद के प्रपौत्र तथा भारत के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक धर्मगुरु, खतीब-ए-आजम-ए-हिंद पीर सैयद मोहम्मद मक्की राशिद मियां अशरफी जिलानी किछौछवी के सुपुत्र हैं। उनके पिता को देश-विदेश में धार्मिक मार्गदर्शन, आध्यात्मिक शिक्षा, प्रेम, भाईचारे और इंसानियत के संदेश के लिए विशेष सम्मान प्राप्त है। अपने पूर्वजों की महान धार्मिक एवं शैक्षणिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए सैयद नोमान मियां ने विश्वविख्यात अल-अजहर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह संदेश दिया है कि ज्ञान, शिक्षा और चरित्र निर्माण ही किसी समाज तथा राष्ट्र की वास्तविक उन्नति का आधार हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल खानवाद-ए-अशरफिया, बल्कि भारत के धार्मिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में भी हर्ष का वातावरण है। उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वह अपनी उच्च शिक्षा, धार्मिक ज्ञान और विद्वत्ता के माध्यम से नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करेंगे तथा समाज में शिक्षा, शांति, सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और मानवता की भावना को मजबूत करेंगे। धार्मिक विद्वानों और शुभचिंतकों ने आशा व्यक्त की है कि सैयद नोमान मियां का ज्ञान केवल धार्मिक संस्थानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचेगा। उनकी शिक्षा से इस्लामी अध्ययन और हदीस के ज्ञान को नई दिशा मिलने के साथ-साथ देश में आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को भी बल मिलेगा। यह उपलब्धि विशेष रूप से उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ समाज और राष्ट्र की सेवा का संकल्प रखते हैं। सैयद नोमान मियां की यह शैक्षणिक सफलता इस बात का प्रतीक है कि भारत की महान धार्मिक परंपराएं आज भी विश्व के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अपनी पहचान कायम रखे हुए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खानवाद-ए-अशरफिया के सदस्यों, उलेमा-ए-किराम, धार्मिक हस्तियों और देश-विदेश के अकीदतमंदों ने अल्लामा अजहरी सैयद नोमान मियां को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि उनका ज्ञान भारत की तरक्की, समाज के कल्याण, मानवता की सेवा और देश में अमन-ओ-मोहब्बत के प्रसार का माध्यम बनेगा। खानवाद-ए-अशरफिया की गौरवशाली विरासत में जुड़ी यह नई उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, विद्वत्ता और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

भारत की सूफी परंपरा दुनिया को दिखा सकती है अमन की राहः प्रो. महन्ना

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराईच। इंडो इस्लामिक हेरिटेज सेंटर की ओर से इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, में भारत और मिस्र में सूफीवादः शांति, बहुलवाद और सह-अस्तित्व की साझा विरासत विषय पर अंतरराष्ट्रीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। सम्मेलन में अल-अजहर विश्वविद्यालय, काहिरा के प्रो. (डॉ.) मुहम्मद महन्ना ने कहा कि भारत की समृद्ध सूफी परंपरा पूरी दुनिया को शांति, सहिष्णुता और भाईचारे का रास्ता दिखाने की क्षमता रखती है। भारत का सूफी मॉडल इस्लाम की उदारवादी और समावेशी विचारधारा का आदर्श उदाहरण बन सकता है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रो. (डॉ.) गुलाम यजदानी और दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के सज्जादानशीन पीर सैयद फरीद अहमद निजामी ने भी सूफी परंपरा को शांति, मोहब्बत और आपसी सम्मान का मजबूत आधार बताया। वक्ताओं ने भारत और मिस्र के बीच सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। एमएसओ के चेयरमैन डॉ. शुजात अली कादरी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सूफी विरासत और समावेशी विचारधारा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना समय की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन इंडो इस्लामिक हेरिटेज सेंटर के रिसर्च फेलो मोहम्मद जफरुद्दीन बरकाती ने किया। इस अवसर पर सिराजुद्दीन कुरैशी, अब्दुल मजीद निजामी, खुर्शीद रब्बानी, महमूद गाजी और मुफ्ती अशफाक हुसैन कादरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अलीगढ़ में 24 दरोगाओं के तबादले

रोहित वर्मा को इगलास से बहादुरपुर चौकी भेजा गया, अजय कुमार को मिली करवा चौकी की जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। एसएसपी नीरज जादौन ने 24 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें पुलिस लाइन, थानों और चौकियों में तैनात दरोगा शामिल हैं। सभी को नई जगह तैनाती देकर जनहित में जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए हैं। जारी सूची के अनुसार, रवि पवन कुमार को बन्नादेवी से नगला कलार चौकी, रोहित वर्मा को इगलास से बहादुरपुर चौकी और दीपक कुमार को बहादुरपुर चौकी से थाना गोंडा भेजा गया है। नरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से सारसौल चौकी बन्नादेवी, अजय कुमार को दादों से रोडवेज चौकी गांधीपार्क और अंकित कुमार को दादों से बरौली चौकी जवां भेजा गया है। बरौली चौकी पर तैनात बलवीर सिंह को थाना जवां में नई जिम्मेदारी दी गई है। मनीष कुमार गुप्ता को पुलिस लाइन से मेडिकल चौकी सिविल लाइन, निखिल मलिक को सिविल लाइन से भमोला चौकी और जावेद हसन को इसी थाने से सेंटर प्वाइंट चौकी भेजा गया है। अमित कुमार को गभाना से वीरपुरा चौकी, जबकि अरविंद कुमार कुशवाह और सौरभ तिवारी को दादों से थाना लोधा स्थानांतरित किया गया है। विक्रम सिंह को गंगीरी से जलाली चौकी हरदुआगंज, अंकित कुमार गुप्ता को गंगीरी से तालानगरी चौकी और जितेंद्र सिंह राणा को जलाली चौकी से अचलताल चौकी गांधीपार्क भेजा गया है। आदित्य श्रीवास्तव को पुलिस लाइन से थाना महुआखेड़ा और अजय कुमार को गोंडा से करवा चौकी में तैनाती दी गई है। महिला उपनिरीक्षक तनु तोमर को इगलास से हरदुआगंज भेजा गया है। संजय कुमार को पालीमुकीमपुर से हवाई अड्डा चौकी महुआखेड़ा और अजहर हसन को इसी थाने से खैर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। राजकुमार को पुलिस लाइन से गोंडा, विजय भारत सिंह को पुलिस लाइन से गंगीरी और चंद्रका प्रसाद तिवारी को महुआखेड़ा से यूपी-112 में भेजा गया है। एसएसपी ने सभी स्थानांतरित उपनिरीक्षकों को नई तैनाती पर पहुंचकर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए हैं।

सर्वे के दौरान शिक्षकों पर दबाव बनाने का आरोप

सुल्तानपुर में प्रिंसिपल की बीएसए को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , कूरेभार थाना क्षेत्र स्थित कम्पोजिट विद्यालय जूडापट्टी के दो सहायक अध्यापकों ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका और उनके पति पर उत्पीड़न करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाया है। शिक्षकों ने शाम करीब 4 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को शिकायत देकर जांच और कार्रवाई की मांग की।

सर्वे के दौरान फोन कर निर्देश देने का आरोप

शिकायतकर्ता सहायक अध्यापक सुनील कुमार और अरविन्द कुमार मौर्य के मुताबिक, 21 नवंबर 2026 को सुबह करीब 10 बजे वे आगामी विधानसभा चुनाव और स्वजनगणना से जुड़े काम के लिए जूडापट्टी ग्राम सभा में सर्वे करने निकले थे। आरोप है कि इसी दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापिका संजू कनौजिया ने उन्हें फोन किया।

शिक्षकों का कहना है कि संजू कनौजिया ने फोन पर कहा कि जूडापट्टी उनकी ग्राम सभा है और विद्यालय उनके तथा उनके पति अनिल कुमार के निर्देश पर चलेगा। अनिल कुमार प्राथमिक विद्यालय कुट्टा सोहागपुर, धनपतगंज के प्रधानाध्यापक हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिक्षकों पर सोशल मीडिया पर असलहे के साथ कथित तौर पर वायरल हुई तस्वीर और कोट के बारे में बात न करने का दबाव बनाया गया। साथ ही सर्वे का काम मनमुताबिक करने को कहा गया। शिक्षकों के मुताबिक, बात न मानने पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जाती है।

डायल 112 पर बुलाई गई पुलिस, प्रधानाध्यापिका ने आरोप नकारे

शिकायत के अनुसार, विरोध करने पर सुबह करीब 11:30 बजे डायल 112 पर पुलिस बुलाई गई। शिक्षकों का दावा है कि पुलिस की जांच में लगाए गए आरोप निराधार पाए गए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और सरकारी कामकाज जारी रखने देने की मांग की है। वहीं, प्रभारी प्रधानाध्यापिका संजू कनौजिया ने शिक्षकों की ओर से लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता का पक्ष जानने के लिए सोमवार शाम 7 बजकर 7 मिनट पर फोन किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

पिकअप की बोलेरो से टक्कर में दो युवकों की मौत

प्रतापगढ़ में दो लोग गंभीर घायल, ड्राइवर मौके से फरार

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , देर रात बोलेरो और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

रात 10:30 बजे हुआ हादसा

हादसा फतनपुर थाना क्षेत्र के बीरापुर-जगनीपुर मार्ग पर कबीर आश्रम बिच्छूर के पास हुआ। जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के रायपुर कला गांव के चार युवक बोलेरो से जा रहे थे। सोमवार रात करीब 10:30 बजे सामने से आ रही पिकअप ने बोलेरो में टक्कर मार दी।

दो युवकों ने मौके पर तोड़ा दम

हादसे में बोलेरो चला रहे प्रदीप सरोज (24), और सुंदर सरोज (19), की मौत हो गई। दोनों जौनपुर के रायपुर कला गांव के रहने वाले थे। बोलेरो में सवार वकील सरोज (18) और शिवम सरोज (23) गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर पिकअप छोड़कर फरार हो गया।

युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने सड़क किया जाम

प्रतापगढ़ में अंतिम संस्कार से इनकार कर न्याय की मांग, पुलिस ने खुलवाया रास्ता

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पट्टी थाना क्षेत्र के बेलखरनाथ धाम विकासखंड के रामकोला गांव में मनोहर बनवासी (पुत्र अच्छेलाल उर्फ खुटानी) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। परिजनों ने न्याय मिलने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। वे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मनोहर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना से नाराज परिजन सड़क पर उतर आए और आवागमन बाधित कर दिया। चक्का जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। उन्होंने प्रशासन से मनोहर की मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी

थाना प्रभारी शुभनाथ साहनी ने बताया कि पुलिस मौके पर मौजूद है। परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

संक्षेप

दूध लेने जा रही महिला को पिकअप ने टक्कर मारी

मीतली गांव में 74 वर्षीय अंगूरी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

बागपत। जनपद के ग्राम मीतली में सड़क हादसे में 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घर से दूध लेने जा रही महिला को पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात महिंद्रा पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बागपत थाना क्षेत्र के ग्राम मीतली निवासी 74 वर्षीय अंगूरी पत्नी रामपाल सुबह करीब छह बजे घर से दूध लेने के लिए निकली थीं। वह गांव के रास्ते से जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात महिंद्रा पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अंगूरी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि महिला की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।वहीं, हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम और आगे की कार्रवाई के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस के अनुसार हादसे में शामिल अज्ञात महिंद्रा पिकअप के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद बुजुर्ग महिला की मौत से गांव में भी शोक का माहौल है।

एनएचएआई इलेक्ट्रिशियन की चाय पीते समय तबीयत बिगड़ी

बागपत में जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

बागपत ,बागपत दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित रिवर पार्क के पास रोड़ी प्लांट पर चाय पीते समय एनएचएआई में कार्यरत 59 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इलेक्ट्रिशियन को चाय पीते समय हार्ट अटैक आया था। सहकर्मी उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद सहकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार कानपुर जनपद के थाना बिल्हौर क्षेत्र के रहने वाले 59 वर्षीय देवेंद्र कुमार पुत्र रामस्वरूप एनएचएआई में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत थे। सुबह करीब 10:30 बजे वह दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित रिवर पार्क के पास रोड़ी प्लांट पर मौजूद थे। इसी दौरान वह चाय पी रहे थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद सहकर्मियों ने उन्हें संभाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल बागपत पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। लेकिन उपचार के दौरान देवेंद्र कुमार की मौत हो गई।

गिरधर गोपाल एवं मीराबाई की नगरी में आयोजित हुआ वार्षिक मेला

शिवराजपुर में लगा मेला गधे घोड़े की संख्या में मिली न्यूनता

अमन लेखनी समाचार



मेले में खरीददारी करती महिलाएं तथा पशु बिक्री करते विक्रेता

फतेहपुर,जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत तीर्थ स्थल शिवराजपुर में वार्षिक मेले का आयोजन आयोजित किया गया कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में क्षेत्र के अन्य गंगा घाट जैसे बक्सर गुनीर चंद्रिका देवी गंगेश्वर महादेव झारखंडेश्वर दूधी कगार तथा शिवराजपुर के गिरधर गोपाल मंदिर में गंगा स्नान करते हुए भक्त पहुंचे तथा पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया क्षेत्र के शिवराजपुर में मीराबाई द्वारा स्थापित भगवान गिरधर गोपाल की कृपा से वार्षिक मेले का आयोजन आयोजित किया गया ग्राम प्रधान वंदना यादव एवं मेला संयोजक सूरजपाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में पशुओं की बिक्री की जाती है जहां घोड़े तथा गधे अच्छी-अच्छी नस्लों के लाकर क्रेता विक्रेता आपस में आदान-प्रदान करते हैं हजारों की संख्या में पशुओं की बिक्री इस मेले में की जाती थी परंतु इस वर्ष बहुत ही कम संख्या में पशु मेले अंतर्गत पहुंचे वही पशुओं के मेले के साथ-साथ क्षेत्रीय नागरिकों ने झूला चाट बताशा तथा सौंदर्य प्रसाधन सामग्री आदि की भी खरीदारी की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक औंग दिनेश शुक्ला समेत भारी पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि 7 दिनों तक चलने वाले इस मेले के लिए अस्थाई रूप से पुलिस चौकी भी मेले में नियुक्त कर दी गई है

अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर बहन की हुई मौत भाई घायल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत खागा रोड धूमन कुंआ के निकट एक अनियंत्रित डंपर चालक ने बाइक सवार को भीषण टक्कर मार दी जहां बाइक में सवार 19 वर्षीय युवती पूनम देवी पुत्री प्रेम पाल निवासी मलकनपुर थाना सुल्तानपुर घोष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही बाइक चालक मृतका के भाई संतोष को भी गहरी चोट पहुंची तथा बुरी तरह घायल हुआ आसपास मौजूदा लोगों ने दौड़कर दोनों घायलों को उठाया तथा एंबुलेंस को बुलाकर नजदीकी अस्पताल भेजा जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया वहीं हालत ज्यादा गंभीर देखते हुए भाई संतोष को प्राथमिक उपचार करने के पश्चात सदर अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर किया यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में हाहाकार मच गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस प्रशासन द्वारा थाना सुल्तानपुर घोष प्रभारी श्रवण कुमार ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए



पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेजा वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों भाई-बहन बाइक से गांव अलीपुर बहेरा से मलकनपुर जा रहे थे जहां मध्य रास्ते पर घटना घटित हो गई प्रशासन डंफर चालक की तलाश जारी करते हुए जांच कर रहा है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

ट्रक ने स्कूली बस में मारी टक्कर एक छात्र की हुई मौत कई घायल

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत गहुरा जहांगीर नगर निवासी 17 वर्षीय छात्र अरमान की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल द्वारा पिकनिक में 50 छात्राएं तथा कुछ शिक्षक मिलाकर लगभग 60 लोग गए हुए थे पिकनिक मनाने मथुरा तथा आगरा गई बस वापस लौट रही थी वही विगत रात्रि सोमवार प्रातः मंगलवार को मध्य रात्रि लगभग 12 बजे आगरा से निकली बस सुबह लगभग 6 बजे कन्नौज जनपद के ठठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रोकी गई वही अचानक पीछे से तेज रफ्तार आ रहे एक ट्रक ने बस में भीषण टक्कर मार दी जबरदस्त टक्कर में बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ वही कई बच्चे सीटों के बीच फंसकर बुरी तरह घायल हुए सूचना मिलते ही पहुंची स्थानीय पुलिस प्रशासन ने घायलों को बाहर निकलकर नजदीकी अस्पताल भेजा वही हाई स्कूल के छात्र अरमान पुत्र रियाज अहमद की मौत हो गई जानकारी लेने पर चिकित्सकों ने बताया कि मृतक छात्रा के गांव के ही 14 वर्षीय छात्र अहद बिलाल 16 वर्षीय मोईन 14 वर्षीय मोहिद्दीन 15 वर्षीय अतवीर भी बुरी तरह घायल हुए यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं मृतक के शव को प्रशासन ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को पार्थिव शरीर सौपा गया जहां परिजनों ने बताया आज मृतक छात्र का अंतिम संस्कार किया जाएगा

स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

मेरठ में ट्रैक्टर का पहिया दोनों के ऊपर से गुजरा; शकील की तीन और मोनिश की एक बेटी है

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक दिनभर मेहनत-मजदूरी करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। शोभापुर चौकी के पास डिवाइडर रोड पर पीछे से आई एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में साइड मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर का पहिया दोनों के ऊपर से उतर गया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन समेत फरार हो गया, जबकि ट्रैक्टर चालक भी ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। फरार चालकों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, जानी थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर पावटी निवासी शकील पुत्र नूर अली (21) और मोनिश पुत्र तरीकत टाइल्स व पत्थर लगाने का काम करते थे। सोमवार को दोनों कंकरखेड़ा क्षेत्र के एक मकान में टाइल्स और पत्थर लगाने गए थे। रात करीब नौ बजे काम खत्म करने के बाद दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे।जब वे शोभापुर चौकी के पास डिवाइडर रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से आई एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए। इसी बीच सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने दोनों को कुचल दिया।

हादसा इतना भीषण था कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही शोभापुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक को बेरहमी से पीटता रहा सिपाही, वीडियो वायरल

भैसाली डिपो के पास का वीडियो, 28 सेकेंड के वीडियो में दिखी पुलिसकर्मी की दबंगई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला एक वीडियो देर शाम सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो सदर बाजार थाना क्षेत्र के भैसाली डिपो के पास का बताया जा रहा है। इसमें ट्रैफिक पुलिस बूथ के नजदीक एक पुलिसकर्मी युवक को बेरहमी से पीटता नजर आ रहा है। पुलिसकर्मी लगातार युवक पर हाथ चला रहा है। आसपास कई लोग मौजूद हैं, लेकिन कोई बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। 28 सेकेंड के इस वीडियो में मौके पर अफरातफरी का माहौल दिखाई दे रहा है। वीडियो में मौजूद ऑडियो के मुताबिक, जिस युवक की पिटाई हो रही है, वह शराब के नशे में था। आरोप है कि सिपाही ने उसे टोका तो युवक ने उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। यही नहीं युवक पर सिपाही की वर्दी फाड़ने का भी आरोप है। मौके पर मौजूद कुछ लोग भी युवक की ओर से हाथापाई किए जाने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं।

वीडियो बनते देख चेहरा छिपाने लगे पुलिसकर्मी

हालांकि, वीडियो में पुलिसकर्मी जिस तरह युवक की पिटाई करता दिखाई दे रहा है, उसने पुलिस की कार्रवाई के तरीके पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो बनाने वाला व्यक्ति भी पुलिसकर्मी की इस हरकत का विरोध करता सुनाई देता है। जैसे ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की नजर वीडियो बना रहे व्यक्ति पर पड़ती है, वे चेहरा छिपाने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। इसके बावजूद मारपीट का पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया।

मारपीट को लेकर खड़े हो रहे सवाल

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे की कार्यशैली को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि युवक ने पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता या हाथापाई की थी तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के बजाय मौके पर इस तरह मारपीट क्यों की गई? हालांकि, वीडियो की तारीख और घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

एसओ बोले- थाने नहीं आया कोई प्रकरण

इस संबंध में एसओ सदर बाजार राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि थाने में इस तरह का कोई मामला नहीं आया है। वीडियो सामने आने पर उसकी जांच कराई जाएगी। यह भी पता लगाया जाएगा कि कहीं किसी ने पुराना वीडियो तो सोशल मीडिया पर वायरल नहीं किया है। जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

निकाह के बाद जीजा ने साले को पीटा

फोटो खिंचवाने को लेकर हुआ विवाद, 10-12 लोगों ने किया हमला

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लिसाड़ी गेट क्षेत्र में निकाह के अगले ही दिन वलीमे के कार्यक्रम में विवाद हो गया। आरोप है कि पत्नी के मायके वालों के फोटो खिंचवाने से नाराज दूल्हे ने अपने चाचा और दोस्तों के साथ मिलकर साले पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शादी महल मंडप में शाम हुई। घायल युवक को परिजन लिसाड़ी गेट थाने लेकर पहुंचे और जीजा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मामले की जांच के साथ आरोपियों की तलाश की जा रही है। वलीमे में फोटो खिंचवाने को लेकर हुआ विवादलिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन निवासी समीर का रविवार को पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के गांव दूल्हेड़ा निवासी सानिया से निकाह हुआ था। शाम शादी महल मंडप में वलीमे का कार्यक्रम रखा गया था। इसमें दुल्हन के मायके पक्ष के लोग भी शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान सानिया के परिवार वाले उसके साथ फोटो खिंचवा रहे थे। आरोप है कि इस बात पर समीर नाराज हो गया और उसने पत्नी के साथ मायके वालों के फोटो खिंचवाने का विरोध किया। इसी बात को लेकर सानिया के चचेरे भाई शाकिब की समीर से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान समीर ने शाकिब को थप्पड़ मार दिया।

चाचा और दोस्तों के साथ पहुंचकर किया हमला

जीजा की इस हरकत पर सानिया के भाई समद ने नाराजगी जताई। आरोप है कि इससे समीर और भड़क गया। वह अपने चाचा, उबेद, अज्जू, शादाब समेत 10-12 अज्ञात लोगों को लेकर वहां पहुंचा और ससुराल पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने समद को निशाना बनाकर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अचानक हुए हमले से वलीमे में भगदड़ मच गई।

मां-बाप और 17-साल के बेटे को कार ने रौंदा, मौत

गाजियाबाद में एक्सप्रेसवे पार कर रहे थे, मथुरा से शादी में शामिल होने आए थे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , सड़क पार कर रहे पति-पत्नी और उनके 17 साल के बेटे को वश-700 कार ने कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद आरोपी ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। हादसा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में एचपी पेट्रोल पंप के सामने सुबह 11:45 बजे हुआ। परिवार मथुरा का रहने वाला था। पति-पत्नी बेटे के साथ एक शादी में शामिल होने गाजियाबाद आए थे। हादसे के बाद घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचवाया। दामाद ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर सड़क पार नहीं करते इसकी जानकारी परिवार को नहीं थी। एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि मथुरा के कोसीकलां निवासी हरलाल (54), पत्नी राजकुमारी (50) और बेटा तेजवीर (17) गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक में रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने आए थे। तीनों 21 नवंबर को शादी में शामिल हुए थे। हरलाल, पत्नी-बेटे के साथ मथुरा वापस जाने के लिए निकले थे। रेलवे स्टेशन जाने के दौरान तीनों दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पार करने लगे। तभी तेज रफ्तार वश ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद तीनों को अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि बेटे तेजवीर ने मैक्स अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार को हटवाकर कब्जे में ले लिया। इसके बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारु कराया गया। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

उद्यमी बोले-प्रदूषण के लिए सिर्फ उद्योगों पर कार्रवाई क्यों?

मेरठ में पीआईईएमए की कार्यशाला में सवाल उठाए, कहा-सड़क की धूल भी साफ कराएं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण और कार्रवाई को लेकर उद्यमियों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि शहर में वायु प्रदूषण के लिए केवल उद्योग जिम्मेदार नहीं हैं। सड़कों की धूल, निर्माण सामग्री, पुराने वाहन और कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ा रही हैं। इन पर भी उद्योगों की तरह सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए। सोमवार को परतापुर इंडस्ट्रियल एस्टेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से उद्योग मंदिर स्थित एसोसिएशन सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने उद्यमियों को औद्योगिक प्रदूषण और डीजी सेट से जुड़े नियमों की जानकारी दी। पीआईईएमए अध्यक्ष निपुण जैन ने कहा कि उद्योग जगत प्रदूषण मुक्त भारत के संकल्प के साथ है। उद्यमियों ने पुराने डीजी सेट बदलने, बॉयलरों को नए मानकों के अनुरूप करने और प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने पर लाखों रुपये खर्च किए हैं। इसके बावजूद विभागीय निरीक्षण और कार्रवाई का मुख्य केंद्र उद्योग ही बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों पर उड़ती धूल, खुले में पड़ी निर्माण सामग्री, निर्माण और ध्वस्तीकरण कार्य, पुराने वाहन और कूड़े में आग लगाने जैसी गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ा रही हैं। नगर निगम, मेरठ विकास प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों को भी इन पर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी केवल उद्योगों की नहीं, बल्कि पूरे प्रशासन और समाज की है। कार्यशाला में उद्यमियों ने प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की खरीद में सीमित अधिकृत वेंडरों की व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि कुछ उपकरण केवल निर्धारित वेंडरों से खरीदने की बाध्यता के कारण बाजार की तुलना में तीन से चार गुना अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उद्यमियों ने मांग की कि उपकरणों के तकनीकी मानक स्पष्ट किए जाएं और मानकों पर खरे उतरने वाले उपकरणों को खुले बाजार से खरीदने की छूट मिले। अधिकृत वेंडरों की कीमतों में अंतर और कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच भी कराई जाए।

प्राइवेट कंपनी में लगी आग

फायर ब्रिगेड की 25 गाड़ियों ने पाया काबू, शॉट सर्किट से हादसा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-6 स्थित बी-134 एक निजी कंपनी में देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग बुझाने में करीब 25 गाड़ियां लगी। करीब 10 घंटे में आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल मौके पर कूलडाउन की प्रक्रिया जारी है, ताकि दोबारा आग भड़कने की आशंका को खत्म किया जा सके। घटना थाना फेज-1 क्षेत्र की है। देर रात कंपनी में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली थी। इसके बाद दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग की गंभीरता को देखते हुए दमकलकर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोकते हुए बुझा दिया। शॉट सर्किट बताई जा रही वजह आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई। इसके बाद तेजी से ऊपर की और फैली। दमकल ने आसपास की इमारतों पर भी पानी का छिड़काव किया ताकि वहां आग को जाने से रोका जा सके।2 किमी तक दिखा धुंआ आग इतनी तेज थी धुंआ 2 किलोमीटर से भी साफ देखा जा सकता था।

नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का पैदल मार्च, पुलिस बल तैनात

हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने और 10 प्रतिशत प्लॉट देने की मांग

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, भारतीय किसान परिषद के बैनर तले 150 से ज्यादा किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में किसान पैदल मार्च करते हुए सेक्टर-96 स्थित प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचे। किसानों ने प्राधिकरण अधिकारियों से अपनी मांगों पर जवाब मांगा। किसानों के मार्च और धरने को देखते हुए प्राधिकरण कार्यालय पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि नोएडा के किसानों की मांगों पर अब तक प्राधिकरण ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इसी का जवाब लेने के लिए किसान आज प्राधिकरण पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को लंबे समय से उनकी मांगों के पूरा होने का इंतजार है, लेकिन प्राधिकरण की ओर से सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है और न ही किसानों को 10 प्रतिशत आबादी के प्लॉट दिए गए हैं। इसके अलावा आबादी निस्तारण के नाम पर किसानों की मूल आबादी को तोड़ा जा रहा है। इस मुद्दे पर पहले भी कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों से बातचीत की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

बेटी की शादी के 9 दिन पहले पिता-भाई की मौत

नोएडा में भाभी-भतीजा भी झुलसे, खाना बनाते समय सिलेंडर फटा

अमन लेखनी समाचार



जेवर,ग्रेटर नोएडा में बेटी की शादी के ठीक 9 दिन पहले पिता-भाई की मौत हो गई। बहू खाना बना रही थी तभी सिलेंडर फट गया। धमाका होते ही पिता-बेटे किचन की ओर उसे बचाने दौड़े। लेकिन वे दोनों भी बुरी तरह से झुलस गए। हादसे में परिवार के चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि, बहू-पोते की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा जेवर थाना क्षेत्र के दयानतपुर गांव में शाम 6 बजे हुआ।

जेवर थाना क्षेत्र के दयानतपुर गांव के रहने वाले वीरपाल सिंह की बेटी की शादी 2 दिसंबर को होनी थी। घरवाले शादी की तैयारियों में जुटे थे। रिश्तेदारों के आने और शादी की रस्मों की तैयारी चल रही थीं। घटना के समय घर में सात लोग मौजूद थे। हादसे के वक्त अभिषेक की पत्नी काजल किचन में खाना बना रही थी। उसका दो साल का बेटा आदित्य पास में खड़ा था। इसी दौरान गैस लीक होने से अचानक विस्फोट के साथ आग लग गई। मां-बेटे को बचाने के लिए वीरपा और अभिषेक भाग कर आए, लेकिन वे भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। परिवार के तीन अन्य सदस्य दूसरे कमरे में थे, इसलिए उन्हें कोई चोट नहीं आई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने चारों घायलों को मकान से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

खंभारखेड़ा के पास ट्रक और ओमनी वैन की आमने-सामने भिड़ंत, पिता-पुत्र समेत चार की मौत, छह घायल

दवा दिलाकर लखनऊ से गांव लौटते समय सोमवार देर रात हुआ भीषण हादसा, ट्रक छोड़कर चालक फरार

अमन लेखनी समाचार





फूलबेहड़ (खीरी)। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शारदानगर मार्ग पर खंभारखेड़ा चीनी मिल के निकट सोमवार देर रात करीब 11:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक और ओमनी वैन की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में वैन सवार पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक सहित छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। पुलिस प्रथम दृष्टया ओवरटेक के कारण हादसा होने की आशंका जता रही है। जानकारी के अनुसार, निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम कटहा निवासी पप्पू (30 वर्ष) अपने बीमार पिता जगन्नाथ (60 वर्ष) को दवा दिलाने के लिए लखनऊ गए थे। सोमवार रात वे क्षेत्र के अन्य लोगों के साथ ओमनी वैन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वैन खंभारखेड़ा चीनी मिल के पास पहुंची, सामने से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों की सूचना पर सीओ, शहर कोतवाल और चौकी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वैन की खिड़की और स्टीयरिंग को तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने निघासन के कटहा निवासी पप्पू (30), उनके पिता जगन्नाथ (60), ग्राम अदलाबाद निवासी अजय पुत्र गोविंद तथा पढुआ थाना क्षेत्र के ग्राम बिछुवा निवासी बहादुर पुत्र गोबरे को मृत घोषित कर दिया। हादसे में पढुआ थाना क्षेत्र के ग्राम उचवा निवासी प्रियांश पुत्र प्यारेलाल कश्यप, ग्राम नैनापुर निवासी वैन चालक नवल किशोर पुत्र राममनोहर, ग्राम तिवारी निवासी सनोज पुत्र रामचंद्र गौतम, निघासन के अदलाबाद निवासी राजकिशोर पुत्र डालचंद चौहान, निघासन निवासी कमलेश पुत्र भजन लाल कश्यप और शारदानगर के ग्राम खिंचीपुरवा निवासी अतुल कुमार पुत्र रमेश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने घायल वैन चालक नवल किशोर समेत अन्य घायलों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

बेहजम रोड पर रफ्तार का कहर, कार और ट्रैक्टर-ट्राली में आमने-सामने भिड़ंत, खाई में पलटी ट्राली

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के बेहजम रोड पर मंगलवार की आधी रात लीलाकुआं पिकेट चौकी के पास कैमासुर पेट्रोल पंप के आगे कार और ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे के बाद ट्राली के पहिए ऊपर की ओर हो गए। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12:10 बजे कार लखीमपुर की ओर से आ रही थी। कार चालक अमरीश निवासी ग्राम थरिया, थाना नीमगांव अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान बेहजम की तरफ से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर बादल पुत्र शिव प्रकाश (21) निवासी गढ़रुआ चला रहा था। ट्राली पर इसी गांव का कुलदीप (26) भी सवार था। हादसे में कार चालक अमरीश और ट्रैक्टर चालक बादल बाल-बाल बच गए, जबकि ट्राली सवार कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर की हड्डी टूटने के साथ सिर में भी चोट आई है। घायल को उदयपुर स्थित सियाराम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना पर डायल 112 और लीलाकुआं पिकेट चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कांस्टेबल राजू सिंह, सचिन पाल, अंशुल कुमार और कपिल कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की।

कार्तिक पूर्णिमा पर कचीर में महिलाओं ने विधि-विधान से किया कार्तिक पूजन



बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर निभाई धार्मिक परंपरा, भाइयों ने उपहार देकर लिया आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। तहसील गरौठा के ग्राम कचीर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने ठाकुर जी की पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से कार्तिक पूजन किया। इस अवसर पर ग्राम स्थित कारसदेव बाबा मंदिर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं और धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान पंडित अलख प्रकाश तिवारी ने महिलाओं को कार्तिक पूर्णिमा की कथा सुनाई। कथा श्रवण के बाद महिलाओं ने अपने-अपने भाइयों को तिलक लगाकर पारंपरिक धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। इसके बाद सभी भाइयों को भोजन एवं प्रसाद ग्रहण कराया गया। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्तिक पूर्णिमा के इस धार्मिक आयोजन में गांव की महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

जालौन नगर में सड़क पर फैला बिल्डिंग मटेरियल बना हादसों का खतरा, जिम्मेदारों की अनदेखी पर उठे सवाल

अक्षदा गार्डन से औरैया बाईपास चुंगी नंबर चार तक जगह-जगह अतिक्रमण, सुदामा पैलेस के पास सड़क पर पड़ी मौरा-गिट्टी से राहगीरों को दुर्घटना की आशंका

अमन लेखनी समाचार

जालौन। नगर में सड़क पर अतिक्रमण और बेतरतीब ढंग से रखे बिल्डिंग मटेरियल के चलते राहगीरों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अक्षदा गार्डन से लेकर औरैया बाईपास चुंगी नंबर चार तक सड़क किनारे और रास्ते में बड़ी मात्रा में बिल्डिंग मटेरियल फैला हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं सुदामा पैलेस के समीप बीच सड़क पर पड़ी मौरा और गिट्टी राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बनी हुई है। स्थानीय मार्ग से प्रतिदिन दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ पैदल राहगीरों का आवागमन होता है। सड़क पर फैली मौरा और गिट्टी के कारण वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलकर गिरने और दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

जालौन नगर के विवाह घरों की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज

राम गार्डन से सुदामा पैलेस तक कई विवाह घर जांच के दायरे में, अग्निशमन एनओसी, स्वीकृत मानचित्र और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



जालौन। नगर में संचालित विवाह घरों और गेस्ट हाउसों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। नगर के विभिन्न मार्गों पर चल रहे कई विवाह घरों में अग्निशमन उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों और आपातकालीन सुरक्षा इंतजामों की उपलब्धता को लेकर जांच की मांग उठ रही है। आरोप हैं कि कुछ प्रतिष्ठान स्वीकृत भवन मानचित्र और आवश्यक अनुमतियों के बिना ही संचालित हो रहे हैं। नगर में राम गार्डन, मुकुंद गार्डन, सिद्धि विनायक, ए वन, सोनरा, अभिनंदन, कन्हैया धाम, सुदामा पैलेस, दाऊजी गार्डन, सावित्री रिसॉर्ट, काजल गार्डन, महेंद्र रिसॉर्ट, जनरलाइन पैलेस, श्रीजी पैलेस, नर्सिंग रिसॉर्ट, अनस पैलेस और आरके रिसॉर्ट सहित कई विवाह घरों में प्रतिदिन शादी-विवाह और बड़े आयोजन होते हैं। इन स्थानों पर एक साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रहती है। ऐसे में सुरक्षा मानकों का पालन बेहद जरूरी है। सबसे अहम सवाल यह है कि क्या इन सभी प्रतिष्ठानों के भवन मानचित्र स्वीकृत हैं? क्या इनके पास अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) है? क्या आग बुझाने के पर्याप्त उपकरण, आपातकालीन निकास द्वार और सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं? यदि किसी विवाह घर में आग लगने या कोई अन्य हादसा हो जाता है तो वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाह घरों में बड़े आयोजनों के दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटती है। इसके बावजूद सुरक्षा इंतजामों की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं है। ऐसे में संबंधित विभागों की निरीक्षण व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगरवासियों ने जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद और अग्निशमन विभाग से मांग की है कि नगर के सभी विवाह घरों एवं गेस्ट हाउसों की सूची तैयार कर निष्पक्ष स्थलीय जांच कराई जाए। जांच में भवन मानचित्र, अग्निशमन एनओसी, सीसीटीवी कैमरे, आग बुझाने के उपकरण और आपातकालीन निकास सहित सभी जरूरी सुरक्षा मानकों की पड़ताल की जाए। जहां भी नियमों का उल्लंघन मिले, वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी बड़े हादसे के इंतजार में विभाग बैठे हैं या प्रशासन समय रहते इन विवाह घरों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराकर लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा?

भगवान शंकर को साक्षी मानकर शाश्वत और कविता ने रचाई शादी



अमन लेखनी समाचार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के अहमदनगर स्थित क्लेश हरण मंदिर में भगवान शंकर को साक्षी मानकर जयमाला डालकर शाश्वत शर्मा और कविता वर्मा एक-दूजे के हो गए। दोनों ने अपनी स्वेच्छा से विवाह किया और आपसी सहमति से विवाह अनुबंध पत्र भी तैयार कराया है। युवती कविता ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से शाश्वत शर्मा से प्रेम करती है। अब 18 वर्ष की होने के बाद दोनों ने साथ जीवन बिताने का फैसला किया। कविता का आरोप है कि परिवारजन उसकी मर्जी के विरुद्ध दूसरी जगह विवाह करना चाहते थे। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। युवती के अनुसार, इसी परिस्थितियों के चलते उसने अपनी इच्छा से घर छोड़कर शाश्वत के साथ विवाह किया। विवाह के बाद कविता ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड को प्रार्थना पत्र भेजकर अपनी और अपने पति की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उसने परिवारजनों द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं किए जाने की भी मांग की है।

मैलानी पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चार लोगों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



संसारपुर खीरी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संज्ञेय अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस ने चार लोगों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार मंगलवार 24 नवंबर 2026 को गिरफ्तार किए गए लोगों में सुधीर (27) पुत्र बहादुर लाल, राहुल (22) पुत्र बहादुर लाल और अजय (20) पुत्र राकेश निवासीगण ग्राम कुकहापुर थाना मैलानी शामिल हैं। इसके अलावा रजनीश कुमार उर्फ मोनू (28) पुत्र स्वर्गीय विनोद कुमार निवासी भीखमपुर नंदापुर मजरा महुरैना थाना मैलानी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चारों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में संसारपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आकाश भाटी, उपनिरीक्षक विजेंद्र पाल गंगवार, कांस्टेबल प्रशांत मलिक, सौरभ कुमार, दिनेश यादव और हर्ष भारद्वाज शामिल रहे। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपराधियों और अराजक तत्वों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

दो बाईकों की टक्कर के बाद तीसरी बाइक टकराई, चार घायल, दो रेफर

अमन लेखनी समाचार







खुटार (शाहजहांपुर)। गोला रोड पर कठिनापुर पुल के पास दो बाईकों की भिड़ंत हो गई। उनमें से एक बाइक पीछे से आ रही तीसरी में टकरा गई। हादसे में रौतापुर कलां गांव निवासी विनोद कुमार व अशोक तिवारी, खीरी के गोला थाना क्षेत्र के गांव छैरासी निवासी मो० शरीफ व मैलानी थाना क्षेत्र के गांव खरेहटा निवासी हरेंद्र घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मो० शरीफ व हरेंद्र को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव रौतापुर कलां निवासी विनोद कुमार 52 वर्ष ने बताया कि मंगलवार को वह गांव के ही अशोक तिवारी 55 वर्ष के साथ जिला लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के गांव संसारपुर गया था। वापस आते समय खुटार गोला रोड पर कठिनापुल के पास लखीमपुर खीरी के थाना गोला के गांव छैरासी निवासी मो० शरीफ व लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के गांव खरेहटा निवासी हरेंद्र की बाईकों में आमने सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनमें से एक बाइक उसकी बाइक में टकरा गई। हादसे में चारों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मो० शरीफ व हरेंद्र को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। और विनोद कुमार व अशोक तिवारी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना पर पहुंचे मो० शरीफ के परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। किसी भी बाइक चालक ने हेलमेट नहीं लगाया था।

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर)। सड़क हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में ढाई माह बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिला लखीमपुर खीरी के थाना धौराहरा के गांव नरैना निवासी टहलू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि सात सितंबर को उसका भाई छन्नू चौहान काम करने के लिए घर से देहरादून जा रहा था। खुटार तिकुनियां पर उसको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे की शाम को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिख संगत ने लगाया लंगर, राहगीरों को वितरित किया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर)। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के पावन जन्मोत्सव पर मंगलवार को खुटार तिकुनियां गुरुद्वारा के समीप सिख संगत समूह की ओर से लंगर का आयोजन किया गया। सिख संगत के सेवादारों ने राहगीरों और स्थानीय लोगों को श्रद्धापूर्वक लंगर में पकौड़ी और कॉफी का प्रसाद वितरित किया। लंगर में लोगों ने सेवा भाव के साथ सहभागिता की। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों ने भी रुककर प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों ने बताया कि सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री नानक देव जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य यह आयोजन रखा गया है। सुबह से शाम तक लंगर का आयोजन चला और आने वाले लोगों ने प्रसाद छका। नानक देव जी ने मानवता, प्रेम, समानता और सेवा का संदेश दिया। इसी भावना को आत्मसात करते हुए सिख संगत ने सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की।

एसएसबी जवानों ने जीद बाबा स्थल पर चलाया स्वच्छता अभियान, ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



संपूर्णानगर, खीरी। एसएसबी 49वीं वाहिनी की ओर से सामाजिक सरोकारों के तहत क्रेशर रोड गोविंद नगर स्थित जीद बाबा के स्थान पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसएसबी जवानों ने धार्मिक स्थल परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में एसएसबी जवानों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने मिलकर धार्मिक स्थल परिसर की सफाई की और लोगों को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया। जवानों ने ग्रामीणों से अपील की कि धार्मिक स्थलों, गांव की गलियों और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। एसएसबी की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की। साथ ही स्वच्छ और सुंदर गांव बनाने में निरंतर सहयोग करने का संकल्प लिया।

निघासन-ढखेरवा मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत, चालक फरार



अमन लेखनी समाचार

निघासन, खीरी निघासन-ढखेरवा मार्ग पर मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। सूरजपुर स्थित धर्मकांटे के पास पीछे से आए अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के मेहंदी गांव निवासी इशियाक खान (47) पुत्र मुस्ताक खान मंगलवार को रिश्तेदारी से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सूरजपुर के पास पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटने से पहले ही चालक ट्रक लेकर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर निघासन पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिवार के लोगों ने शव की पहचान की। परिजनों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया और फरार ट्रक चालक की तलाश कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

देव दिवाली पर सवा लाख दीपों से जगमगाया सेठ घाट

लखीमपुर खीरीः देव दिवाली के अवसर पर मंगलवार शाम शहर के सेठ घाट पर आस्था और भक्ति का नजारा दिखा। सेठ घाट पर पिछले 15 वर्षों से देव दिवाली का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। मंगलवार शाम होते ही घाट पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा और लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। इस दौरान विधायक योगेश वर्मा की मौजूदगी में आयोजित दीपोत्सव में एक साथ सवा लाख दीप प्रज्वलित किए गए, जो मुख्य आकर्षण रहा। दीपों की रोशनी से सेठ घाट व पूरा परिसर जगमगा उठा और जलते दीपों की कतारों ने मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर देव दिवाली मनाई और बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



'गांधी' सीरीज में प्रतीक के साथ टॉम भी आएंगे नजर

नई दिल्ली। अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी अपकमिंग सीरीज 'गांधी' को लेकर चर्चा में हैं। हंसल मेहता के निर्देशन में बन रही इस सीरीज में वह महात्मा गांधी की भूमिका निभा रहे हैं।

इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसमें उनके साथ हॉलीवुड अभिनेता टॉम फेल्टन भी नजर आएंगे, जिन्हें दुनिया भर में 'हैरी पॉटर' फ्रेंचाइजी के ड्रेको मैल्फॉय के नाम से जाना जाता है।

हालांकि, प्रतीक के लिए यह साथ काम करने का मौका जितना खास था, उससे कहीं ज्यादा उत्साह उनके घर में देखने को मिला। दरअसल, उनकी बेटी हैरी पॉटर की बहुत बड़ी फैन है।

लाइफ Style

साई

रामायण की सफलता के बाद पहुंचीं पुट्टपर्थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री साई पल्लवी अपनी आगामी फिल्म 'रामायण' की शानदार सफलता के बाद अभिनेत्री साई पल्लवी आध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी पहुंचीं। इस दौरान एक्ट्रेस ने वहां पूजा अर्चना कर आशीर्वाद भी लिए। बता दें कि, साई पल्लवी श्री सत्य साई बाबा की वहीं भक्त हैं। 23 नवंबर को श्री सत्य साई बाबा की 100वीं जयंती के मौके पर पुट्टपर्थी में खास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

साई पल्लवी को अक्सर नए साल और खास मौकों पर पुट्टपर्थी में देखा जाता है। अब प्रशांति निलयम के साई कुलवंत हॉल से उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में एक्ट्रेस आंखें बंद करके प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ वीडियो में वह दूसरे भक्तों के साथ भजन गाती भी दिखाई दे रही हैं। एक फैन ने सोमवार को होने वाले शताब्दी समारोह का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें कई महिलाएं भजन गाते हुए आगे बढ़ती नजर आ रही हैं। उनके साथ सबसे आगे साई पल्लवी भी चल रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस बेहद सादे सलवार सूट में दिखाई दीं। समारोह के लिए पूरे पुट्टपर्थी को रंग-बिरंगे झंडों से सजाया गया है। जब रविवार शाम को फैंस को पता चला कि साई पल्लवी पुट्टपर्थी में मौजूद हैं, तो कई लोग प्रार्थना हॉल के बाहर उन्हें देखने के लिए इकट्ठा हो गए। कुछ देर बाद एक्ट्रेस बाहर आईं और फैंस का अभिवादन करते हुए हाथ हिलाया। इसके बाद वह वापस प्रार्थना के लिए चली गईं। इस दौरान उन्होंने उनसे मिलने आए फैंस का शुक्रिया भी अदा किया। खास मौके पर एक्ट्रेस पारंपरिक सिल्क साड़ी पहने नजर आईं। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं।



हॉलीवुड मसाला



'एवेंजर्स' में निभाएंगी केट बिशप का किरदार

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेत्री हैली स्टेनफेल्ड मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर रही हैं। वे एवेंजर्स डूमसडे में केट बिशप के रोल में नजर आएंगी। मार्वल स्टूडियोज और डिज्नी एनिमेशन के साझा बैनर के तहत हैली की एमसीयू में वापसी की पुष्टि हुई है। साझा किए गए वीडियो में स्टेनफेल्ड अपनी आगामी फिल्म 'हॉकआई' का एनेक्शन करते हुए दिखाई दे रही हैं। वीडियो में स्टेनफेल्ड कहती हैं, 'अरे, तो मैं अपनी फिल्म 'हॉकआई' के साथ यहां हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी दूसरी फिल्म की कुर्सी ली है।



एक-दूसरे के हुए पॉप स्टार माइली और मैक्स

लॉस एंजिल्स। पॉप स्टार माइली साइरस ने 21 नवंबर को संगीतकार मैक्स मेरोन्डे से शादी कर ली। हवाई सलाहेह कैलिफोर्निया के पास मालिबू में एक निजी समारोह में हुआ। लगभग पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर अपनी पहली तस्वीरें साझा करके शादी की पुष्टि की। रविवार को एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में साइरस और मेरोन्डे ने शादी की कुछ तस्वीरें साझा कीं। माइली साइरस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इन तस्वीरों को फिर से शेयर किया और बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर अपना गाना लेट्स लेट मैरिड जोड़ा। तस्वीरों में साइरस एक खूबसूरत लंबी आस्तीन वाला जरोज गाउन पहने नजर आ रही हैं। जिसमें एक स्ट्रक्चर्ड चोली और पीछे की तरफ लंबा फैला हुआ हिस्सा (ट्रेन) है।



हैदराबाद में बना काशी का भव्य संसार

मुंबई। एसएस राजमौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' रिलीज से पहले ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह है। अब फिल्म से जुड़ा एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। इसमें एग्जल एप के जरिए हैदराबाद में बनाए गए एक विशाल सेट की तस्वीरें दिखाई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि यह फिल्म के लिए तैयार किया गया काशी यानी वाराणसी का भव्य सेट है। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इन तस्वीरों या सेट के फिल्म से जुड़े होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस कथित लीक के सामने आने के बाद फिल्म की शूटिंग से जुड़ी गोपनीयता और प्रोडक्शन सिक्योरिटी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।



सद्गुरु के सामने नतमस्तक हुईं तमन्ना...

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी खूबसूरती और शानदार एक्टिंग के साथ-साथ अपनी धार्मिक आस्था को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस को कई बार भगवान शिव की भक्ति में लीन देखा गया है। अब एक बार फिर तमन्ना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेती नजर आ रही हैं। उनका यह अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। दरअसल, 22 नवंबर को मुंबई में सद्गुरु की फोटो एम्से बुक 'डिसअपीयरिंग फैसेस' के लॉन्च का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में तमन्ना भाटिया भी पहुंची थीं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि सद्गुरु जैसे ही अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में पहुंचते हैं, तमन्ना उनके पास जाती हैं और पहले झुककर उनके पैर छूती हैं। इसके बाद दोनों कुछ देर बातचीत करते नजर आते हैं।

टीवी मसाला



'इंडियन आइडल' में इमरान और हिमेश ने ताजा कीं पुरानी यादें

नई दिल्ली। इमरान हाशमी अपनी अगली फिल्म के प्रमोशनल के लिए शो 'इंडियन आइडल' में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंच पर जाएसी को लेकर खुशी जाहिर की। साथ ही एक्टर ने अगली फिल्म पर खुलकर बात भी की। इमरान ने हिमेश के साथ अपने 21 साल पुराने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा, 'यार, एक बात मैं कह सकता हूं कि देर आए, लेकिन दुरुस्त आए। 21 साल हो गए। फिल्में बदल गईं, गाने बदल गए और हम भी थोड़े बदल गए, लेकिन दर्शकों का प्यार आज भी वैसा ही है और हमेशा बना हुआ है।' इमरान ने अपनी फिल्मों के गानों के लिए हिमेश को इसका पूरा श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'चाहे टीजर हो, ट्रेलर हो या गाने, इसका क्रेडिट मैं नहीं लूंगा। इसका पूरा श्रेय हिमेश को जाता है। यह उनका टैलेंट है। मुझे तो सिर्फ इतना कहा जाता था कि इधर से उधर जाओ और लिप-सिंक करो।' वहीं, हिमेश रेशमिया ने भी इमरान की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा गाना हो या किसी और का, इमरान का म्यूजिक कभी फेल नहीं होता, क्योंकि इमरान तो इमरान है। कुछ कलाकार इमरान जैसे होते हैं, जो लिप-सिंक के साथ म्यूजिक को भी उसी तरह पेश करते हैं, जैसे अपनी शानदार परफॉर्मेंस देते हैं। म्यूजिक को इतनी अच्छी तरह से पर्दे पर पेश करना भी बहुत बड़ी बात है।'

मनीष हुआ घर से बाहर, सलमान ने खोले सभी घरवालों के राज

नई दिल्ली। बिग बॉस 19' जैसे जैसे अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है, इसमें कंटेस्टेंट्स का गेम और भी मजबूत होता जा रहा है। एक तरफ जहां कुछ प्रतियोगी को दोस्ती में दरार आ रही है, तो वहीं कई दोस्ती देखने को मिल रही है। रविवार को वीकएंड का वार में एक मजबूत पल देखने को मिला, जहां शो के कंटेस्टेंट मनीष वोरा को मेडिकल कंडिशन के चलते शो से जाना पड़ा। सलमान ने खुद इस बात का जिक्र करते हुए कहा कि अतर अजा मनीष आपकी सेहत के चलते बाहर जाना पड़ा है। तो घर से बोई और वॉलिंटेट होना क्योंकि मनीष को सबसे कम वोट मिले थे। इस दौरान उन्होंने सभी घरवालों के व्यवहार पर बात की और बताया कि जब-जब उनसे जुड़ा कोई मुद्दा उठा, तब-तब उनका हवाला दिया था।



फुलेरा में आई नई सत्ता, बनराकस ने सचिव जी को किया टॉर्चर

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़े ओरिजिनल कंटेंट स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने सोमवार को देश की पसंदीदा कॉमेडी-ड्रामा सीरीज पंचायत सीजन 5 का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया। सत्ता की नई कुर्सी और ड्रामे के नए दौर के साथ पंचायत अपने नए सीजन में एक बार फिर लौट आई है। इस बार दर्शकों को भावनाओं, दिल छू लेने वाले पलों और ग्रामीण भारत की बेबाक और अनोखी झलक का भरपूर मेल देखने को मिलेगा। यह सीरीज 3 दिसंबर को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा। पंचायत सीजन 5 का ट्रेलर फुलेरा में शुरू हो रहे ड्रामे की एक मजेदार झलक दिखाता है, जहां अब कुर्सी किसी और के हाथ में आ गई है, लेकिन मुश्किलें अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रधानजी (रघुबीर यादव) को गद्दी के बिना अपनी जिंदगी की नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में मुश्किल हो रही है, वहीं सचिव जी (जितेंद्र कुमार) अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं, दोस्ती और पंचायत की बदलती राजनीति के बीच संतुलन बनाने में लगे हैं। इसी बीच, रिंकी (सांविका) के साथ उनकी प्रेम कहानी में ऐसा मोड़ आता है, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। जाने-पहचाने चेहरों, नई चुनौतियों और छोटे शहर के ढेर सारे ड्रामे के साथ फुलेरा एक बार फिर हंगामे के लिए तैयार है। क्या सचिव जी को आखिरकार अपना मनचाहा प्यार मिल पाएगा और क्या नए प्रधानपति यह साबित कर पाएंगे कि वे फुलेरा की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं।



16 भाषाओं में गाए 4000 गाने, रफी और किशोर जैसा नहीं मिला सम्मान

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के लीजेंड सिंगर्स के बारे में जिक्र किया जाए तो उनमें मन्ना डे का नाम जरूर शामिल होता है। बतौर प्लेबैक सिंगर मन्ना डे का कैरियर काफी शानदार रहा। अपने बेहतरीन गीतों की वजह से उन्हें आज भी याद किया जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि गायिकी का अद्भुत हुनर रखने वाले मन्ना डे को कभी भी मोहम्मद रफी, मुकेश और किशोर कुमार जैसे गायकों की तरह सम्मान नहीं मिला। हालांकि, वह इससे कई ज्यादा के हकदार थे। 1 मई 1919 में कोलकाता में जन्में मन्ना डे का असली नाम प्रबोध चंद्र डे था। लेकिन उनके परिवार वाले उन्हें प्यार से मन्ना कहकर पुकारते थे और इसी वजह से उनका नाम मन्ना डे पड़ा था। मन्ना डे के पिताजी चाहते थे कि वह वकालत करें, लेकिन कॉलेज के दिनों में पहलवानी और बॉक्सिंग में चैंपियन रहने वाले मन्ना डे की किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 1942 में मन्ना डे अपने चाचा के साथ मुंबई आ गए। इससे पहले वह कोलकाता से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त करके आए थे। मुंबई आकर बतौर गायक मन्ना डे को पहला ब्रेक 1943 में आई फिल्म तमन्ना के जागो आई उस पंछी बोले जागो से मिला और यहीं से बतौर सिंगर का कैरियर शुरू हुआ था।



मन्ना डे को सबसे अधिक लोकप्रियता 1950 में आई फिल्म मशाल के ऊपर गगन विशाल... से मिली थी। इसके बाद अमर भूपाली नाम की मूवी के गानों को गाकर मन्ना डे की किस्मत का सितारा रातोंरात चमक गया था। इस तरह से 1942 से लेकर 2013 के दौरान बतौर गायक मन्ना डे 16 भाषाओं में 4 हजार से अधिक गाना गाए।

हनुमान अंश से ढाई चाल तक ये फिल्में-सीरीज देंगी दस्तक

ओटीटी पर नवंबर के आखिरी वीक में होगा मनोरंजन का धमाका

नई दिल्ली। सिनेमाघर गुलजार हैं। 'रामायण' फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। धनुष और साई पल्लवी की फिल्म 'ओम' भी थिएटर्स में सज चुकी है। दूसरी तरफ ओटीटी पर भी मनोरंजन का धमाका हो रहा है। इस वीक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर क्या-क्या आ रहा है? जानिए



हनुमान अंश

इस साल अपने क्रिसमस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से हर किसी को चौंकाने वाली यह फिल्म अब ओटीटी पर आ रही है। महज दो करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब शानदार प्रदर्शन किया। करीब तीन महीने तक यह थिएटर्स में सजी रही और 342.74 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। अब यह ओटीटी पर इस वीक रिलीज होगी। इसे दर्शक 27 नवंबर से सोनी लिव पर देख सकेंगे। यह जॉम्बी हॉरर थ्रिलर के जॉनर से प्रेरित आध्यात्मिक सुपरहीरो ड्रामा फिल्म है।



ढाई चाल

यह एक स्टूडेंट-पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज है। इसमें नसर अरोड़ा और आशिम खान अहम भूमिका में हैं। इस सीरीज का प्रीमियर 27 नवंबर से जियो हॉटस्टार पर होगा। खास बें कि 'ढाई चाल' सीरीज की कहानी लेखक नवीन चौधरी के बेस्टसेलर उपन्यास 'जनता स्टोर' और 'ढाई चाल' पर आधारित है।



ब्लेड रनर 2099

यह एक साई-फाई सीरीज है। आठ एपिसोड वाली यह सीरीज 25 नवंबर से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह ब्लेड रनर (1982) और ब्लेड रनर 2049 (2017) फिल्मों की अगली कड़ी है। मिशेल यॉ, हंटर शेफर और टॉम बाके अहम भूमिकाओं में हैं।



दृश्यम- द कन्क्लूजन'

अजय देवगन की लोकप्रिय दिलचस्प फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म भी इस उम्मीद को खास बनाएगी। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद 'दृश्यम 3' अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म 21 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि अपने थिएटर रिलीज के दौरान यह फास्ट में 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो इसने 500 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया है।



द हंटिंग वाइफ्स सीजन 2

अगर आपको क्राइम ड्रामा और थ्रिलर सीरीज ने बिलाशुबा है तो इसका विकल्प आपके लिए हैं। इस लिस्ट 'द हंटिंग वाइफ्स' का दूसरा सीजन स्ट्रीमिंग को तैयार है। इसमें क्रिटी खरबंदा और नतिज एकरमैन अपने किरदारों में दिखेंगी। दोनों के बीच इस बार शानदार टक्कर दिखाई देगा। 'द हंटिंग वाइफ्स सीजन 2' 26 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।